Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 07, अंक 110 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में भारी बारिश का कहर, इडुक्की और पालक्कड़ में भूस्खलन, बुजुर्ग महिला की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. राज्य के कई हिस्सों, खासकर केन्द्रीय और उत्तरी इलाकों में व्यापक नुकसान की खबरें आ रही हैं. सरकार ने पांच जिलों—कसारगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम में रेड अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा पालक्कड़, त्रिस्सूर, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम और पथनमथिट्टा जिलों में ऑरेंज अलर्ट, जबकि अलप्पुझा, कोल्लम और तिरुवनंतपुरम में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में भारी बारिश के कारण स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं, ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे सड़कें बंद हो गई हैं और आवागमन बाधित हो गया है. पलक्कड़ जिले में एक वृद्ध महिला की मकान गिरने से मौत हो गई है. 80 वर्षीय पथुम्माबी नामक महिला मनालदी के मननारकाड इलाके में रहती थीं, जहां उनका मकान बारिश से टूट गया. इसी तरह पालक्कड़ में कई अन्य घर भी बारिश से प्रभावित हुए हैं.

### नोएडा सेक्टर 3 की व्यावसायिक इमारत में सोलर पैनल से लगी आग, सभी सुरक्षित निकले

**नोएडा।** दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर 3 इलाके में स्थित एक व्यावसायिक इमारत की छत पर सोमवार दोपहर आग लग गई। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, जिन्होंने 5 दमकल गाड़ियों को मौके पर तैनात किया। आग को बुझा लिया गया है और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

अग्निशमन विभाग का कहना है कि आग लगने के बाद सभी लोग इमारत से बाहर आ गए थे। सभी सुरक्षित हैं।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इमारत में सीए अप्राइजल नाम की कपड़ा कंपनी का दफ्तर है, जिसने सबसे ऊपरी तल पर वाशिंग एरिया बना रखा है।

सोमवार को सोलर की वजह से यहां आग लग गई, जो प्लास्टिक और कपड़ों की वजह से फैल गई। छत पर आग लगन की वजह से यह काफी भयानक दिख रही थी।

निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

# आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस निरंतर समर्थन के लिए आभारी

### यह युद्ध का युग नहीं', पश्चिम एशिया और यूरोप में जारी संघर्ष पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



**टोरंटो ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साइप्रस के निकोसिया स्थित राष्ट्रपति भवन में आधिकारिक स्वागत किया गया। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत की। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए साइप्रस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू की गई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह दो दशकों से अधिक के अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा है। यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है।

वहीं, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा कि हमने विभिन्न क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों और तालमेल को बढ़ाने पर चर्चा की। हम रक्षा सहयोग, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करना चाहते हैं। हम साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए ताकि हम ठोस परिणाम दे सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने साइप्रस के निकोसिया में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने साइप्रस की ओर से ग्रैंड क्रॉस ऑफद ऑर्डर ऑफमकारियोस ढ्ढढ्ढ से सम्मानित किए जाने के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे दिया गया यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि मेरे देश का सम्मान है। यह साइप्रस और भारत के बीच अटूट दोस्ती की मुहर है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सिर्फमेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं का सम्मान है। यह हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे और वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा का सम्मान है। मैं यह सम्मान भारत और साइप्रस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों और हमारे साझा मूल्यों और आपसी समझ को समर्पित करता हूं। मैं सभी भारतीयों की ओर से इस सम्मान को अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता हूं। यह सम्मान शांति, सुरक्षा, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और हमारे लोगों की समृद्धि के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# ऑटो सेंटर में काम कर रहे थे बच्चे, जिला प्रशासन ने किया रेस्क्यू

### न्यू राजेन्द्र नगर थाने में कई गई शिकायत



**रायपुर ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन पर जिला प्रशासन द्वारा 30 जून तक विशेष बाल एवं किशोर श्रम रोकथाम एवं पुनर्वास अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में सोमवार को श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन सहित पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले बच्चों सहित बालक और किशोर श्रमिकों की पहचान एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान अमलीडीह क्षेत्र में एक ऑटो सेंटर में एक 13 साल का बालक और एक 15 साल के किशोर को बाल श्रम करते पाए जाने पर रेस्क्यू किया गया। जिसके पश्चात बच्चों को बालक कल्याण समिति रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

एसोसिएशन फ़ॉर वोलंटरी एक्शन के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर ने बताया कि बच्चे ऑटो सेंटर में मैकेनिक के रूप में काम कर रहे थे, जो कि जोखिम भरे कार्य की श्रेणी में आता है जिस कारण से यह कार्य किशोर न्याय ( बालकों का देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 भारतीय न्याय संहिता एवं बालक एवं कुमार श्रम अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत थाना न्यू राजेंद्र नगर में प्राथमिक की दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री शैल ठाकुर ने बताया कि रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक माह के विषेश अभियान हेतु सभी जिलों को निर्देशित किया गया है, इसी कार्यक्रम के अनुपालन में रायपुर जिले में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जबकि रायपुर जिला प्रशासन द्वारा लगातार बालश्रम के विरुद्ध कार्यवाई की जा रही है पिछले एक माह में विभिन्न स्थानों व प्रतिष्ठानों से लगभग 20 से अधिक बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।

# खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों पर भड़के केंद्रीय मंत्री पुरी, कहा-ये किराये के टट्टू हैं

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तान समर्थकों हालिया प्रदर्शनों को आलोचना की है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा उन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

दिल्ली में भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफप्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है। ये जो किराये के टट्टू हैं। इन्हें गंभीरता से न लें।



ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच तेल-गैस की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताते हुए पुरी ने आश्वासन दिया कि भारत का ऊर्जा भंडार मजबूत है। आज हमारी ऊर्जा स्थिति ऐसी है कि हमारे पास पर्याप्त भंडार है, हमारा उत्पादन बढ़ रहा है। 2014 में, जब हमारा जैव-ईंधन सम्मिश्रण 1.4 प्रतिशत था, किसने सोचा था कि यह अब 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा?

### जल्द हाईड्रोजन से चलेंगीं बसें

उन्होंने भारत के हरित ऊर्जा क्षेत्र में हाल की प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन, जिसे भविष्य का ईंधन माना जाता था, अब वास्तविकता बन रहा है। आईओसीएल ने अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए निविदा जारी कर दी है और आने वाले समय में हाइड्रोजन ईंधन वाली बसें चलेंगी।

# ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर बंगाल को धनराशि रोकने का गंभीर आरोप लगाया

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक कारणों से जानबूझकर बंगाल को मिलने वाले फंड को रोक रही है. उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में केंद्र की ओर से मितव्ययी योजनाओं जैसे एमजीएनआरईजीए, प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण सड़क विकास के लिए बंगाल को एक भी रुपये नहीं मिला है.



ममता ने आरोप लगाया कि बंगाल के लिए निर्धारित धनराशि को अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है, जो केवल अन्याय ही नहीं बल्कि एक अपराध है. उन्होंने कहा, यह केवल प्रशासनिक भेदभाव नहीं, बल्कि एक राजनीतिक साजिश है. केंद्र ने साफ कर दिया है कि वह बंगाल को कोई पैसा नहीं देगा. उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल सरकार ने अपनी तरफ से अपनी सीमित संसाधनों से ग्रामीण रोजगार योजना के तहत अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक व्यक्ति-दिन रोजगार सृजित किए हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सालाना केवल 37-38 दिन काम मिलता था, जबकि अब बंगाल सरकार कम से कम 50 दिन रोजगार प्रदान कर रही है और इसे बढ़ाने की योजना है.

शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव

# उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

### उप मुख्यमंत्री साव ने स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की



**रायपुर( समय दर्शन )।** केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर के सरकण्डा स्थित पीएमश्री सेजेस कन्या शाला में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए। शाला प्रवेशोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। उप मुख्यमंत्री तथा बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने स्कूल में विभिन्न कार्यों के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने शाला प्रवेशोत्सव में बाल अतिथियों प्रियांशु, साहिल, प्राची और धनमती का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बच्चों को बैग, किताब, ड्रांइग किट तथा सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण भी किया गया। विधायकगण सर्वश्री धरम लाल कौशिक, दिलीप लहरिया और सुशांत शुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूओं की कृपा से ही उन्नति मिलती है। आज का यह दिन बेहद खास है, इसे हम एक वृहद उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि ये आपके सुनहरे दिन हैं। आने वाले भविष्य की नींव विद्यार्थी काल में ही रखी जाती है। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने बच्चों से कहा कि तनाव लेने की कतई आवश्यकता नहीं है। खूब मन लगाकर पढ़ें। विद्यार्थी जीवन ही पूरे जीवन की बुनियाद होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कार्यक्रम में कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का मूल उद्देश्य है कि एक भी बच्चा स्कूल आने से न छूटे। हमारी सरकार शिक्षा के जरिए पूरे समाज को एक साथ जोड़कर विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहती है। शिक्षा केवल डिग्री लेने के लिए नहीं है। शिक्षा और संस्कार दोनों जरूरी है। हमारे राज्य में छात्र और शिक्षक का अनुपात अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि शिक्षा हर एक का अधिकार है।

विमान हादसे से प्रभावित मेडिकल छात्रों के परिवारों की वित्तीय मदद करेंगे भारतीय चिकित्सक

# पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, दी गई सलामी

**नई दिल्ली/अहमदाबाद ( एजेंसी )।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में किया जाएगा। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में हुआ था। इस हादसे में 274 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

सिविल अस्पताल के अधीक्षक राकेश जोशी ने कहा कि अब तक 119 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है। इनमें से 76 लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। शेष 43 में से 14 मृतकों के शव सुबह तक सौंप दिए जाएंगे।

राजकोट में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को 21 बंदूकों से सलामी दी गई। पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद हैं।




संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे भारतीय चिकित्सक डॉ. शमशीर वायलिल ने विमान दुर्घटना से प्रभावित मेडिकल छात्रों और चिकित्सकों के परिवारों के लिए छह करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। बुर्जील होल्डिंग्स के संस्थापक एवं अध्यक्ष और वीपीएस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. शमशीर ने कहा कि दुर्घटना के बाद की स्थिति देखकर वे स्तब्ध रह गए। डॉ. शमशीर के राहत पैकेज में चार मृतक छात्रों के परिवारों के लिए एक-एक करोड़ रुपये, पांच गंभीर रूप से घायल छात्रों के लिए 20-20 लाख रुपये और अपने प्रियजनों को खोने वाले चिकित्सकों के परिवारों के लिए 20-20 लाख रुपये शामिल हैं। यह वित्तीय सहायता बी जे मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के समन्वय में प्रदान की जाएगी। उन्होंने 2010 में मंगलुरु विमान दुर्घटना के बाद, प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता दी थी और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बुर्जील होल्डिंग्स में रोजगार के अवसर प्रदान किए थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजकोट पहुंचकर पूर्व सीएम विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत और सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी रूपाणी को नमन किया। विमान हादसे के चार दिन बाद अब तक डीएनए का मिलान करके 99 पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 64 शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया कि अब तक 99 डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है और 64 शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। ये मृतक गुजरात और राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से थे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी, साइप्रस के लोग हाल ही में हुई एअर इंडिया विमान हादसे की घटना के संबंध में आपके साथ हैं। हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ हैं...'

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का पार्थिव शरीर सोमवार को सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने उनके परिजनों को सौंप दिया।

# अमरोहा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट, 5 महिलाओं समेत 6 की मौत



**अमरोहा ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में सोमवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में 5 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक मजदूर बताए जा रहे हैं।

फैक्ट्री अतरासी गांव के जंगलों में चल रही थी। हादसे में 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। कुछ लोग मलबे में दबे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोपहर बाद अचानक हुए धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई थी और फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर पड़ा मिला है।

प्रशासनिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री के पास किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं था और वह बिना सुरक्षा उपायों के चल रही थी। पुलिस ने फैक्ट्री चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है।

यह पहली बार नहीं है, जब अमरोहा में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ हो। इससे पहले 1 मई को रहरा क्षेत्र के भावली गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ था। उसमें एक बच्चा झुलस गया था। तब पुलिस-प्रशासन पर आरोप लगे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद पाटन में प्रशिक्षु सी ई ओ पठारे अभिजीत बबन ( आई ए एस) ने लिया प्रभार, इस दौरान जानेंगे पंचायत राज की कार्यप्रणाली



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन में इन दिनों प्रशिक्षु सी ई ओ के रूप में पठारे अभिजीत बबन (आई ए एस) ने कार्यभार संभाल लिया है। जानकारी मिली है कि वे आगामी एक माह तक पंचायत राज के कार्य प्रणाली को समझेंगे इसके अलावा वे ग्रामीण क्षेत्र में दौरा कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन की स्थिति पर भी नजर बनाए रखेंगे।

### पाटन में चला बुलडोजर: आत्मानंद चौक में 2 और बस स्टैंड में 1 अतिक्रमण पर कार्रवाई, सामान भी जप्त किए

बलराम यादव




**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में आज अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई देखने को मिला। नगर पंचायत का अमला पुलिस बल के साथ दोपहर करीब 12:00 बजे स्वामी आत्मानंद चौक पहुंची। यहां पर दो ठेला वाले के द्वारा आत्मानंद चौक के सामने ही शेड लगा करके व्यापार शुरू कर दिया था।। जिससे कि आत्मानंद चौक की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा था।। इसे देखते हुए नगर पंचायत के हमले ने आज दो दुकानदारों पर कार्रवाई की दोनों ही दुकान के सेट एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया। इसके अलावा नया बस स्टैंड में भी एक अतिक्रमणकारि पर कार्रवाई की गई है वहां पर भी दुकान से बाहर शेड लगा करके वह व्यापार कर रहे थे।। जिस पर कार्रवाई की गई और सामान को भी जप्त किया गया। जानकारी मिली है कि नगर पंचायत पाटन को सुशासन तिहार के अवसर पर इन सभी की शिकायत मिली थी जिस पर कार्रवाई की गई है। यह भी बताया जा रहा है कि नगर पंचायत का यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अतिक्रमण करने वालो पर कठोर कार्रवाई किए जाने की भी चर्चा चल रही है।

### योजना कांग्रेस का वाह वाही लूटे बीजेपी-सुशील सन्नी अग्रवाल



**रायपुर (समय दर्शन)।** कांग्रेस के मजदूर नेता श्री सुशील सन्नी अग्रवाल ने सीजी बोर्ड में टॉप 10 में आने वाले श्रमिकों के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी तब मेधावी छात्रों के लिए कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में टॉप 10 की सूची में आने वाले श्रमिकों के बच्चों को उनके उच्च शिक्षा के लिए राशि रुपए 1.00 लाख तथा ई स्कूटी के लिए राशि रुपए 1.00 लाख देने की योजना कर्मकार कल्याण मंडल में बनाई गई थी ताकि मजदूर का बच्चा आगे की पढ़ाई आसानी के साथ कर सकें। इन्हीं योजना के तहत आज बीजेपी की सरकार 31 मेधावी छात्रों को 2 लाख की राशि देने जा रही है और अपना श्रेय ले रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी तब गरीबों, पिछड़ों, श्रमिकों, युवाओं के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं बनाएं थे जिससे सभी वर्गों को लाभ मिला था, किंतु आज बीजेपी की सरकार में जगह जगह शराब भट्टी खोला जा रहा है और सरकारी स्कूलों को बंद करके मजदूरों के साथ छल किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि मेरे श्रमिक साथी लोगों के द्वारा अवगत कराया गया है कि पूर्व में श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं को बंद किया जा रहा है या श्रम विभाग में ऑनलाइन आवेदन नहीं हो रहा है तथा कई योजनाओं की समय सीमा सालों तक बढ़ा दी गई है, तथा जितने भी सामग्री मूलक योजनाएं, तथा असंगठित मंडल में संचालित दीदी ई रिक्शा योजना में आवेदन नहीं हो रहे हैं जिसके कारण श्रमिक साथी इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मैं छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार से कहना चाहता हूं कि आपकी सरकार को 2 साल होने जा रहा है किन्तु आपके द्वारा श्रमिकों के हित में एक भी नवीन नहीं बनाया गया है, केवल होर्डिंग के माध्यम से भूपेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर वाह वाही लूटने का कार्य किया जा रहा हैं। अत: मेरा छत्तीसगढ़ की बीजेपी की सरकार से निवेदन है कि मजदूरों के कल्याणार्थ चलने वाली योजनाओं को पुन: प्रारंभ कर उन्हें अधिक से अधिक लाभ प्रदान करें।

# 21 जून को रायपुर में होगा 57,000 शिक्षक भर्ती को लेकर विशाल प्रदर्शन

### प्रशिक्षित डीएड-बीएड, कला-विज्ञान, व्यायाम एवं लाइब्रेरियन संघ संयुक्त मोर्चे पर

**साजा (समय दर्शन)।** राज्य के प्रशिक्षित डीएड एवं बीएड अभ्यर्थियों की बहुप्रतीक्षित 57,000 शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर अब आंदोलन निर्णायक मोड़ पर पहुँच गया है। इसी संबंध में बीते दिवस छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ, कला एवं विज्ञान संकाय कल्याण संघ, लाइब्रेरियन संघ, एवं व्यायाम शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की, प्रेस वार्ता में डीएड बीएड संघ प्रदेश अध्यक्ष दाऊद खान, प्रदेश सचिव ललित कुमार साहू, प्रदेश संयोजक श्रवण कुमार साहू, कला एवं विज्ञान कल्याण संघ से प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर यादव, अरविंद आर्य, देवराज जंघेल व्यायाम संघ से करण साहू, लाइब्रेरियन संघ से धीरज साहू उपस्थित रहे।

संघ प्रमुखों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई तो 21 जून को रायपुर में एक विशाल और निर्णायक प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन प्रदेश सरकार को चेताने और योग्य बेरोजगार शिक्षित युवाओं की आवाज़ को बुलंद करने का कार्य करेगा। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए




शिक्षक नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया लंबित है, जिससे हजारों युवा हताश हैं। अब समय आ गया है कि सरकार सकारात्मक निर्णय ले।

**57000 शिक्षक भर्ती का वादा, लेकिन अब खामोशी क्यों?** प्रदेश अध्यक्ष दाऊद खान ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में 33000 शिक्षकों की भर्ती एक वर्ष में पूर्ण करने की घोषणा की थी। लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो प्रक्रिया शुरू हुई, न ही कोई ठोस घोषणा आई। मुख्यमंत्री की 5000 पदों की घोषणा को युवाओं ने ऊंट के मुंह में जीरा बताया।

**सेटअप से पद खत्म कर रहे हैं, तो भर्ती कहाँ होगी?-** कला एवं कल्याण संघ के कामेश्वर यादव ने आरोप लगाया कि सरकार 2008 के सेटअप में बदलाव कर रही है, जिससे भविष्य की भर्तियों की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। यदि खाली पद ही नहीं बचेंगे, तो सरकार किस पर भर्ती करेगी? यह नीति युवाओं के साथ सीधा विश्वासघात है।

**प्रदेश के प्रशिक्षित बेरोजगारों को किया आहाव्हन-** सचिव ललित कुमार साहू ने प्रदेश के प्रशिक्षित बेरोजगारों को आहाव्हन किया कि अपनी मांगो को लेकर वे सभी रायपुर पहुंचे और एक साथ अपनी आवाज बुलंद करें।

**बेमेतरा जिले से भी सैंकड़ों की संख्या में शामिल होंगे आंदोलनकारी-** इस विशाल प्रदर्शन में संघ के बेमेतरा जिलाध्यक्ष दीनबंधु साहू, कैलाश साहू,सुखदेव गायकवाड़, प्रदीप पाठक, पुरूषोत्तम ध्रुव, परमेश्वर पटेल, रूपसिंह पटेल, रवि दुबे, किशोरी साहू दिलेश्वर वर्मा, तारण साहू, डाकवर साहू,हेमराज साहू, संतोष अंचल,राजकुमार, लोकेंद्र , अजय साहू उपस्थित सहित जिला के सैंकड़ों डीएड-बीएड प्रशिक्षित युवा युवती सम्मिलित होंगे।

## पाटन क्षेत्र में मुरूम माफिया सक्रिय, आधी रात को बांध पार को खोदकर मुरूम की चोरी



बलराम यादव

**पाटन (समय दर्शन)।** पाटन सहित आसपास के गांव में मुरूम माफिया सक्रिय हो गए हैं। यहां पर जहां भी सरकारी भूमि मिल रही है वहां पर मुरूम माफिया आधी रात को गाड़ी लगाकर खुदाई करके मुरूम का अवैध परिवहन करने लगे हैं। ताजा मामला पाटन से लगे ग्राम पंचायत सिकोला से सामने आ रही है। सिकोला में बीती रात्रि बठेना रोड पर स्थित नर्सरी टॉपर बांध के पार को खुदाई करके 10 से 12 हाईवा मुरूम की चोरी कर ली गई है। सुबह जब पंचायत के प्रतिनिधियों को इसकी जानकारी हुई तो काफी आक्रोशित नजर आए। ग्राम पंचायत के सरपंच जीतेश्वरी सपहा ने बताया कि मुरूम माफियाओं का आतंक धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है । नर्सरी टॉपर बंद पर पौधरोपण की तैयारी कर रहे हैं । बारिश शुरू होने ही वाली है इसके बाद पौधा रोपण किया जाना था। लेकिन वहां पर आप पार को ही खुदाई कर दिया है। जिससे कि पौधरोपण भी संभव नहीं हो पाएगा । मुरूम माफियाओं का इस तरह से ग्राम के शासकीय भूमि से मुरूम निकाल कर ले जाना कहीं ना कहीं खनिज विभाग से मिलीभगत को भी दर्शाता है। अब ग्रामीण मुरूम चोरी करने वालो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही साथ रात्रि में जिस हाईवा में चोरी किया गया है उनका सीसी टीवी फुटेज के आधार पर अब सीधे पाटन थाने में रिपोर्ट करने की तैयारी ग्रामीण कर रहे हैं। बहरहाल खनिज विभाग को इस दिशा में संज्ञान लेने की जरूरत है।

## जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने थामा बल्ला, लगाए चौके छक्के

**पाटन (समय दर्शन)।** शिवा क्रिकेट क्लब अमली डीह भाठागांव के द्वारा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस आयोजन में क्षेत्र के 40 से अधिक क्रिकेट टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल में मुढ़ीपार को हराकर पाहांदा मुकाबला जीता। इसके अलावा तीसरे स्थान पर सिरसा की टीम रही। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कमलेश्वरी साहू ने किया। विशेष रूप से उपसरपंच बिट्टू चौहान एवं खेमचंद जोशी मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया एवं विजेता उपविजेता एवं अन्य प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। बता दे की शिवा क्रिकेट क्लब का यह



आयोजन गांव के ही युवा शिवा की स्मृति में किया गया था। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि जीवन में खेल बहुत जरूरी है। खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता ही मन का भी विकास होता है। आज भारत के खिलाड़ी हर खेल में विश्व में डंका बज रहा है। इस तरह के ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिताओं का आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के छुपी हुई प्रतिभाओं को अवसर मिलता है और वह खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ता है। पाटन क्षेत्र में भी कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने प्रदेश ही नहीं देश के कई राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए शिवा क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों की सराहना भी की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विकुश टंडन, निखिल टंडन ,गोकुल साहू सहित खिलाड़ी गण मौजूद रहे।

## शहर के सैकड़ों गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित, पालक बेहाल : क्रिष्टोफर पॉल



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** राज्य सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाए, लेकिन जिले में स्थिति इसके ठीक उलट है। शहर के सैकड़ों गरीब बच्चे, जिन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत स्कूलों में प्रवेश मिला था, अब अगली कक्षाओं में प्रवेश से वंचित हो गए हैं।

लखोली निवासी खेमचंद वर्मा ने बताया कि उनके बेटे को शिक्षा विभाग द्वारा पैरेंट्स प्राइड स्कूल, बलदेवबाग में दाखिला दिलाया गया था। यह स्कूल केवल कक्षा आठवीं तक संचालित है और अब उनका बच्चा नवमीं में पहुंच चुका है। नियमानुसार अब बच्चे को किसी अन्य स्कूल में नवमीं से बारहवीं तक की शिक्षा के लिए स्थानांतरित किया जाना चाहिए, लेकिन एक माह से लगातार प्रयासों के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। इसी तरह पीड़ित पालक मोनू नायडू, जो लखोली निवासी हैं, ने बताया कि उनके बच्चे को आरटीई के तहत कर्मा विद्यालय, हीरामोती लाइन में प्रवेश मिला था, जो अब बंद हो गया है। वे एक वर्ष से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनके बच्चे का अन्य स्कूल में दाखिला नहीं हो पाया।

**कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग :** थक-हार कर दोनों पालकों ने कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है और लिखित शिकायत सौंपी है। पालकों का कहना है कि उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो चुके हैं और विभागीय लापरवाही के चलते उनका भविष्य अधर में है।

**आरटीई बच्चों के लिए नहीं हो रही व्यवस्था :** छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि शहर में लगभग 100 आरटीई बच्चों की यही स्थिति है। इन बच्चों को समय पर अन्य स्कूलों में स्थानांतरित नहीं किया जा रहा, और विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं।

श्री पॉल ने कहा कि शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है, और इससे वंचित करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। शिक्षा विभाग ने शिक्षा का अधिकार कानून को मजाक बना दिया है। अधिकारियों की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते गरीब बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है।

**जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग :** उन्होंने कहा कि कलेक्टर को चाहिए कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें और आरटीई के तहत पढ़ रहे सभी गरीब बच्चों को बारहवीं तक की शिक्षा नि:शुल्क और निरंतर रूप से दिलाने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें। अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर हैं कि वह इस संवेदनशील मामले में क्या कदम उठाता है।

## दो विद्यालय का एक ही प्राचार्य वह भी प्रभारी, बी ई ओ को ज्ञापन सौंपकर अलग अलग शाला संचालन की मांग



### मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में संलग्न करने का सौंपा ज्ञापन

**पाटन (समय दर्शन)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानीतराई (हिन्दी माध्यम) यु-डॉइस कोड 22101101102 को विलोपित करने का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को भेजा गया है। वर्तमान में पूर्व माध्य शाला रानीतराई की दर्ज संख्या 66 है किन्तु उक्त शाला में एक भी शिक्षक नहीं है जिस कारण छात्रों का अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है। उक्त स्थिति को देखते हुए शा पूर्व माध्य शाला रानीतराई को लक्ष्मी बाई शाउमा वि रानीतराई (हिन्दी माध्यम) में समायोजित करने का कष्ट करें। ताकि छात्रों को शिक्षक मिल सके एवं उनका अध्ययन कार्य प्रभावित न हो साथ ही लक्ष्मी बाई शास.उ.मा.वि. रानीतराई (हिन्दी माध्यम) एवं स्वामी आत्मानद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को अलग-अलग संचालित करने का कष्ट करें। वर्तमान में सेजस अग्रेजी माध्यम शास. कन्या उ.मा.वि. रानीतराई परिसर में संचालित हो रहा है एवं लक्ष्मी बाई शास. उ.मा.वि. रानीतराई एवं सेजस अंग्रेजी माध्यम रानीतराई में एक ही प्रभारी प्राचार्य दोनो शालाओं का संचालन कर रहे हैं। दोनो शालाओं हेतु अलग-अलग प्राचार्य की व्यवस्था किया जावे ताकि दोनों शालाओं का संचालन सूचारू रूप से हो सके।

# सरकार बच्चों को तालीम देने या लोगों को शराब पिलाने मे दिलचस्पी ले रही है

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी में ताला बंदी, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्कूल युक्तियुक्तकरण के विरोध में लगाया ताला

**महासमुन्द (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ मे अनेक पुराने विद्या के मंदिर जहाँ हमारे बच्चों को तालीम दी जाती है ऐसी अनेक विद्यालयों को एक दूसरे मे मर्ज कर रही है,,

यह बात समझ से परे है कि शासन शराब पिलाने मे ज्यादा दिलचस्पी ले रही है या प्रदेश के बच्चों को तालीम देने में? आँखें खोलकर देखें तो साफसाफदिखाई दे रहा है कि शासन विद्यालयों को बंद कर , मदिरालय की संख्या मे इजाफा करते हुए आमूलचूल परिवर्तन कर रही है।

महासमुन्द जिला मे युक्तियुक्तकरण से विद्या का मंदिर काफी प्रभावित हो रहा है जहाँ शिक्षा का मंदिर की जगह अब मदिरालय ले रही है। महासमुंद जिले मे शिक्षा सत्र शुरु होते ही स्कूलों में ताला बंदी की खबरें भी आना शुरु हो गयी है। ताजा मामला महासमुंद जिले के ग्राम खट्टी का है।

शिक्षा विभाग ने स्कूल युक्तियुक्तकरण में शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी को उसी कैम्पस में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खट्टी मे मर्ज कर दिया गया है। जिसका विरोध कांग्रेस के पूर्व विधायक विनोद चन्द्राकर व कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे है। इसी कड़ी मे कांग्रेसियों ने आज पूर्व विधायक विनोद चन्द्राकर के नेतृत्व में प्राथमिक



शाला खट्टी पहुंचे और स्कूल में छुट्टी कर ताला लगा दिया । ताला बंदी के लगभग ढाई घंटे बाद ब्लाक शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से बातचीत की । पूर्व विधायक विनोद चन्द्राकर ने बताया कि, ग्राम खट्टी के प्राथमिक शाला का स्थापना ब्रिटिश शासन काल के दौरान हुआ था। इस स्कूल में अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया है। स्कूल स्थापना के बाद खट्टी सहित क्षेत्र के 40 ग्रामों के छात्र यहां अध्ययन करने आते थे। स्कूल की ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए 1999 में इस स्कूल के शताब्दी वर्ष मानने के लिए शासन ने 50 हजार रुपए प्रदान किए थे,साथ ही इस स्कूल के ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए शासन ने इसे ऐतिहासिक धरोहर मानकर 4 लाख 95 हजार रुपए अनुदान स्वरूप प्रदान किया था। ताकि स्कूल का रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से हो सके। ऐसे ऐतिहासिक स्कूल को किस आधार पर 2005 से शुरू हुए कन्या शाला के साथ मर्ज किया जा रहा है। दूसरी ओर प्राथमिक शाला में वर्तमान में 206 बच्चे अध्ययनरत हैं, जबकि कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में मात्र 115 बच्चे हैं । युक्तियुक्तकरण नियम के कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि किसी भी ऐतिहासिक, पुरातन मान्यताओं से जुड़े स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाए। शासन इसे सुधारे और दोषी अधिकारी पर कार्यवाही करे नही तो उग्र आंदोलन होगा। वहीं ब्लाक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने बताया कि, स्कूलों का युक्तियुक्तकरण नियमों के तहत किया गया । अगर कोई खामी होगी तो समिति के समक्ष रखा जायेगा ।

# आयुक्त ने अवैध निर्माण एवं जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर (समय दर्शन)।** आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 01 माडल टाउन में निर्मित डामरीकृत रोड एवं सामुदायिक भवन निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डामरीकृत रोड निर्माण किया गया है, रोड किनारे मार्किंग के बाहर एक लेवल में रखने हेतु उप अभियंता को आदेशित किए, जिससे भविष्य में सड़क का किनारा खराब न हो। निर्मित सड़क के बीच नाली सफाई के लिए लोहे की जाली लगाया गया है, जिसमें स्लैब चेम्बर लगाकर ढकने के लिए कहा गया। ततपश्चात वार्ड 03 पार्षद हरिओम तिवारी के साथ पूर्व से निर्मित सामुदायिक भवन का मुआयना किया। भवन में लगाया गया टाईल्स टूट कर उखड़ गया है, जिसे बदलने एवं बिजली वायरिंग कराने उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किए।

आयुक्त पाण्डेय वार्ड क्रं. 12 न्यू आर्य नगर कोहका क्षेत्र का भ्रमण करने पहुंचे, वहां स्थित तालाब की साफ-सफाई कराने, बरसाती पानी से तालाब भरने को प्राथमिकता देने एवं टयूबवेल के माध्यम से तालाब न भरने निर्देशित किए।



न्यू आर्य नगर क्षेत्र में कुछ दलालों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग करवाकर मकान निर्माण करवाया गया है, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बिना भवन अनुज्ञा के मकान निर्माण कर लिया गया है, जिसे नोटिस जारी कर कार्यवाही करने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किए। नागरिको से अनुरोध है कि दलालो के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदे, दलाल फर्जी दस्तावेजों को दिखाकर नागरिको को फसाते हैं। प्लाट खरीदने से पहले पटवारी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं निगम के भवन अनुज्ञा व राजस्व विभाग से संपर्क कर लें। जब ज्ञात हो जाये कि प्लाटिंग में कॉलोनाइजर एक्ट का पूर्णत: पालन किया गया है और स्थल सही है तभी प्लाट खरीदें।

आर्य नगर में कच्ची सड़क पर बारिश के पानी का भराव हो गया है, जहां सड़क के किनारे नाली निर्माण के लिए निर्देशित किए, जिससे बारिश का पानी नाली के माध्यम से बाहर निकल जाए और पानी का भराव न हो। वहां से दीनदयाल कालोनी के समीप निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण किए, कार्य में तकनीकी कमी पाये जाने के सम्बन्ध में एजेंसी को नोटिस देने निर्देशित किये । निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मल, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग मामलों में 137 पौवा शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार





**रायपुर (समय दर्शन)।** रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, थाना विधानसभा और सिविल लाइंस पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब की बिक्री में लिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 137 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई है, जिसकी कुल कीमत ?14,320 आँकी गई है।

**तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई-** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। शराब तस्करी और अवैध बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, रायपुर पुलिस द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय कर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

**थाना विधानसभा क्षेत्र से दो आरोपी गिरफ्तार-** 14 जून को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना विधानसभा की टीम ने सड्डू बाजार के पास दो संदिग्धों जगन्नाथ कुम्हार उर्फ सागर (30 वर्ष), निवासी खालबाड़ा सड्डू और कैलाश कुम्हार (19 वर्ष), निवासी बीएसयूपी कॉलोनी, सड्डू को पकड़ा। इन दोनों के पास से 96 पौवा देशी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत ?9,600 है। दोनों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 294/25 और 295/25 दर्ज किया गया है।

**थाना सिविल लाइंस क्षेत्र से एक आरोपी गिरफ्तार-** इसी दिन तरुण नगर, पंडरी स्थित वर्मा किराना दुकान के सामने से विक्रम वर्मा (68 वर्ष) को अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। उसके पास से 41 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत ?4,720 आंकी गई। आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में अपराध क्रमांक 275/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**टीम में रहे ये अधिकारी सक्रिय-** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विधानसभा: निरीक्षक शिवेन्द्र सिंह राजपूत, एंटी क्राइम यूनिट प्रभारी: निरीक्षक परेश कुमार पांडे, टीम सदस्य: रविकांत पांडे, खिलेश्वर राजपूत, प्रमोद बेहरा, महेंद्र पाल साहू, विजय बंजारे, कलेश्वर कश्यप, राजकुमार देवांगन, थाना सिविल लाइंस: सउनि नागेंद्र सिंह, थाना विधानसभा: सउनि रवेल सिंह आडिल, प्र.आर. जितेन्द्र भास्कर का विशेष योगदान रहा। रायपुर पुलिस की यह कार्यवाही अवैध शराब के नेटवर्क पर लगातार प्रहार का हिस्सा है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह की सख्त निगरानी में की गई यह कार्रवाई साफ संकेत देती है कि शहर में अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखने की बात कही है।

# बच्चों ने लिया संकल्प: चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ेंगे

### साधु-साध्वियों के सानिध्य में करेंगे धार्मिक अनुष्ठान

**रायपुर (समय दर्शन)।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में रविवार प्रात: से ही बच्चों ने आगामी चातुर्मास में धर्म आराधना से जुड़ने का संकल्प लिया, पूर्वाभ्यास के रूप में जिनपुजन व गुरुवंदना का अभ्यास भी किया।

सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आगामी 9 जुलाई से जैन धर्म का चातुर्मास आरम्भ होने जा रहा है । जैन धर्म में भगवान महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ के लिए वर्षावास के चार माह एक स्थान में रहकर धार्मिक क्रियाओं में जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है । जैन साधु साध्वियों के लिए चातुर्मास काल में निश्चित सीमा के बाहर विचरण प्रतिबंधित रहता है । एक नगर में रहकर स्वयं भी साधना करना है व जनसमुदाय को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना होता है ।



रायपुर में इस वर्ष जैन दादाबाड़ी एम जी रोड़ में जैन साध्वी हँसकीर्ति श्रीजी , ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवेकानंद नगर में उपाध्याय महेन्द्र सागर, महावीर जिनालय न्यू राजेन्द्र नगर में उपाध्याय मनीष सागर, हिरसूरी भवन भैरव सोसायटी में प्रियदर्शी विजय जी गुरुभगवंतों का चातुर्मास होगा । चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में आज बच्चों ने चातुर्मास में विराजमान साधु संतों के सानिध्य में धर्म आराधना करने का निश्चय दोहराया है । सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में चातुर्मास आरम्भ 9 जुलाई बुधवार गुरुपूर्णिमा 10 जुलाई गुरुवार 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप सोमवार 28 जुलाई से 17 अगस्त रविवार तक ,पर्युषण पर्व 20 अगस्त बुधवार से प्रारंभ 24 अगस्त रविवार महावीर जन्मवांचन , 27 अगस्त बुधवार संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा।

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मीडिया कोर्स में प्रवेश की तिथि घोषित

### छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस डेस्क की होगी स्थापना

**रायपुर (समय दर्शन)।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में आज विभागाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता रायपुर संभागायुक्त एवं कुलपति महादेव कावरे ने की।

कुलपति श्री कावरे ने कहा कि मीडिया शिक्षा में व्यापक संभावनाएं हैं और विश्वविद्यालय न्यूनतम शुल्क में ग्रामीण एवं शहरी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना और मीडिया पाठ्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। बैठक में प्रवेश समिति, शुल्क निर्धारण समिति एवं कक्षा व छात्रावास व्यवस्था के बेहतर संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण भी किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीजी डिप्लोमा स्तर के मीडिया पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.ktujm.ac.in/ पर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश प्रक्रिया में शासन के नियमानुसार आरक्षण एवं पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध होगी।



प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट 30 जून 2025 को जारी की जाएगी एवं अंतिम तिथि 5 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। रिक्त सीटों हेतु दूसरी सूची 12 जुलाई 2025 को जारी की जाएगी। बैठक में अध्ययन संकाय के विभागाध्यक्ष पंकज नयन पाण्डेय, शैलेन्द्र खण्डेलवाल, डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा एवं डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने अपने-अपने विभागों में प्रवेश से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा, उप कुलसचिव सौरभ शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. देवसिंह पाटिल, वित्त अधिकारी विनय राज ढीढ़ी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### योग आयोग के अध्यक्ष, पुलिस महानिदेशक और कुलपति सहित हजारों लोग शामिल हुए

# शान्ति सरोवर में सात दिवसीय योग महोत्सव का शुभारम्भ

**रायपुर (समय दर्शन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में रविवार से सात दिवसीय योग महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला, ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक अनिल कुमार, भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सोनी और ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर बोलते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने कहा कि योग जीवन जीने की कला है। मन को शान्त रखने का सर्वश्रेष्ठ उपाय है योग। उन्होंने योग के विषय -एक धरती और एक स्वास्थ्य के लिए योग की चर्चा करते हुए कहा कि सूर्य न हों, पेड़ न हों तो हमारा जीवन भी नहीं रहेगा। हमारी



भारतीय संस्कृति श्रेष्ठ और गौरवमयी है। यह सबको जोडने वाली है। छिनने वाली नहीं बल्कि बाँटकर खाने वाली संस्कृति है। पूरे विश्व में सिर्फ हमने अपने देश को माता माना है। माँदेने वाली होती है। सभी सुखी हों और सबका मंगल हो यही हमारी संस्कृति है। हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानकर चलते हैं। मनुष्य स्वस्थ रहे और प्रकृति ठीक रहे यही कामना है। उन्होंने बतलाया कि ऋषि माना रिसर्च करने वाला। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि जब हम हम व्यायाम करते हैं तो स्वयं को प्रकृति और शरीर के साथ जोड़ते हैं। योग करने से अच्छा स्वास्थ्य मिलता है। मन से जुड़ते हैं तो मन को शान्ति मिलती है। राजयोग में आत्मा का परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ते हैं तो शरीर और प्रकृति दोनों को फायदा मिलता है। हम जल और धरती का सम्मान करना सीख जाएं तो पर्यावरण सुधरेगा और फलस्वरूप हमारा जीवन भी संवर जाएगा। हम सुख-शान्ति से जीवन यापन कर सकेंगे। जीवन में सन्तुलन जरूरी है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला ने कहा कि जिस दिन प्रणानमंत्री की सलाह मानकर संयुक्त राष्ट्र संघ ने योग दिवस मनाने की घोषणा की उस दिन सारे विश्व में भारतीय दर्शन की श्रेष्ठता विश्व पटल पर स्थापित हुई। पूरे वर्ष में 21 जून का दिन सबसे बड़ा होता है इसलिए इस दिन को योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि योग जीवन्तता का प्रतीक है। यह जीवन की उर्जा को बढ़ाने वाला है। भारतीय दर्शन सर्व के सुख की कामना करता है। इस वर्ष उनके वि.वि. में योग की मास्टर डिग्री के साथ ही पी.एच.डी. की पढ़ाई भी शुरू होने जा रही है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि योग शब्द का अर्थ होता है जोडना। अध्यात्म के सन्दर्भ में आत्मा का सम्बन्ध परमात्मा से जोडना ही सच्चा योग है। उन्होने आगे कहा कि योग दिवस मनाने से लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने नकारात्मक और व्यर्थ विचारों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि इससे आत्मा की शक्तिनष्ट होती है। अन्त में उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों को राजयोग का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया। समारोह को सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक हरीलाल, भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सोनी और वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी ने भी सम्बोधित किया। प्रारम्भ में छत्तीसगढ़ योग आयोग के मुख्य प्रशिक्षक छबिलाल साहू और श्रीमती ज्योति साहू की टीम ने अर्धचक्रासन, ताड़ासन, पाद हस्तासन और त्रिकोणासन सहित कुछ प्राणायाम जैसे कि कपालभाँति, अनुलोम-विलोम तथा सिपली प्राणायाम का लोगों को अभ्यास कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर में टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच होगा टी-20 मैच



**रायपुर।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। रायपुर के क्रिकेट स्टेडियम को चौथी बार इंटरनेशनल मैच की मेजबानी का सुनहरा मौका मिला है। न्यूजीलैंड की टीम जल्द ही भारत के दौरे पर आने वाली है। इस दौरे में न्यूजीलैंड तीन वनडे और 5 टी-20 मुकाबलों की सीरीज खेलेगी. सभी मुकाबले अलग-अलग वेन्यू में खेले जानें हैं. एक मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भी खेला जाएगा। भारतीय टीम साल 2026 की शुरुआत तीन वनडे मैचों से करेगी, जिसमें उसका सामना न्यूजीलैंड की टीम से होगा. वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को खेला जाना है. इस सीरीज के बाद दोनों टीमें 5 मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगी। रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मुकाबला खेला जाएगा. दोनों टीमों के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर के मैदान पर खेला जाएगा तो वहीं दूसरा मुकाबला 23 जनवरी को रायपुर के इंटरनेशल स्टेडियम में होगा। वहीं तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहटी के मैदान पर होगा।

### विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**रायपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर 100 से अधिक रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने रक्त के माध्यम से अनगिनत जरूरतमंद जीवनों को संजीवनी देने का संकल्प लिया।

शिविर का उद्देश्य न केवल रक्त की आवश्यकता को पूरा करना था, बल्कि समाज को यह संदेश देना भी था कि हम सभी की रगों में बहता खून किसी की जिंदगी की डोर बन सकता है। इस अवसर पर एम. बी. बी. एस. छात्रों, पीजी चिकित्सक, मेडिकल स्टाफ एवं आमजनों ने अपने कर्तव्य और सामाजिक जिम्मेदारी को आत्मसात करते हुए स्वयं आगे बढ़कर रक्तदान किया। इस सेवा भाव की पृष्ठभूमि में आयोजन को और भी भावुक एवं संवेदनशील बना दिया अहमदाबाद विमान दुर्घटना की उस दर्दनाक घटना ने, जिसमें कई अमूल्य जीवन असमय काल-कवलित हो गए। इस हादसे में चिकित्सक और मेडिकल विद्यार्थी भी शामिल थे, जिनके सपने अधूरे रह गए, लेकिन जिनकी स्मृति हम सबके दिलों में हमेशा जीवित रहेगी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की गई। दो मिनट का मौन रखकर चिकित्सक समुदाय ने उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दुखद क्षण में एक और गहरी वेदना मेडिकल कॉलेज की पीजी रेजिडेंट, डॉ. छाया गौतम के अचानक हुए आकस्मिक निधन के रूप में सामने आई। डॉ. छाया एक मेधावी, संवेदनशील और समर्पित चिकित्सक थीं, जिनकी मुस्कान में आत्मीयता और सेवा भाव झलकता था। उनका यूँ असमय जाना चिकित्सा समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी याद में एक विशेष श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें उनके योगदान को नमन करते हुए उपस्थित सभी साथियों की आंखें नम हो गईं। यह आयोजन महज़ एक रक्तदान शिविर नहीं था, यह एक संवेदना का संगम, सेवा का संकल्प और स्मृति का सम्मान था। एक ओर जहां रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने की आशा दी गई, वहीं दूसरी ओर उन अनमोल जिंदगियों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने हमें सिखाया कि जीवन क्षणभंगुर है पर सेवा और प्रेम अमर रहते हैं। इस अवसर पर रायपुर मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. मनोज साहू, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल, डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज के साथ जेडीए अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह, सचिव डॉ. अमित बंजारा और कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

### अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 195 पाव देशी व विदेशी शराब जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने सड्डू बाजार के पास अवैध शराब के साथ आरोपी जगन्नाथ कुम्हार 30 वर्ष व कैलाश कुम्हार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 92 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने नंदन स्टील कंपनी के पीछे सिलतरा के पास आरोपी कुलेश्वर निषाद 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम नवागांव के पास यशकुमार मण्डावी 22 वर्ष के पास से 42 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने तरूण नगर पंडरी के पास आरोपी विक्रम वर्मा 68 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 41 पाव देशी व विदेशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## संपादकीय

# दीदी ममता के राह में कांटे

पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता से सीधे ममता बनर्जी को निशाने पर लेकर जबरदस्त अभियान की रूपरेखा खींच दी है। इससे संकेत मिलता है कि चुनाव तक आरोपों की धार पिछले चुनाव से भी तीखी हो जाने वाली है। ममता पर राज्य को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, स्त्रियों और हिन्दुओं पर अत्याचार और दुराचार का केंद्र बना देने का आरोप लगाकर गृह मंत्री अमित शाह ने विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार, हिंसा और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनके अनुसार दशकों तक हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में ममता दीदी ने आकर इस भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अपराध और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बना दिया। शाह ने कार्यकर्ताओं को जोश दिलाते हुए याद दिलाया कि यह वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की भूमि है। ज्ञान, धर्म, स्वतंत्रता संग्राम समेत हर क्षेत्र में देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आने वाली ममता बनर्जी ने बंग भूमि को अपराध, बम धमाकों और हिन्दुओं पर अत्याचार का केंद्र बनाकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान और तृणमूल कांग्रेस के चुनाव जीतने के बाद भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं की हत्या की गई। बंगाल में हिंसा आज भी जारी है। दीदी आपका समय पूरा हो गया है और 2026 में पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हिम्मत हो तो बिना हिंसा के चुनाव कराकर देखिए, आपकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का विरोध कर महिलाओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया और राज्य की महिलाओं से चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को सिंदूर की कीमत समझा देने की अपील की। गृहमंत्री का संबोधन पूरी तरह चुनावी था। छन्होंने हर उस बिंदु को छुआ को मतदाता को रास आता है। उनके संबोधन से चुनावी लड़ाई के तीखेपन का संकेत मिलता है। हालांकि वह जानते हैं मुकाबला कितना कड़ा है। राज्य में पिछले चुनावों का भाजपा का अनुभव सुखद नहीं रहा है। 2011 से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी ममता भाजपा के आरोपों की काट करने के लिए क्या रणनीति अपनाएंगी यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इस बार उनकी भी राह में कांटे जरूर बिछे हैं।

# बच्चों को कृष्णोंदु बनने से बचाना होगा

**अमित बैजनाथ गर्ग**

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णोंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर शुभांकर दीक्षित की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुभांकर की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे। दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपये के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रु पये दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत तामलुक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णोंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने कुरकुरे नहीं चुराए। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका। असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो। चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।

# मोदी के बहाने और भागवत कथा के मायने

**ओंकारेश्वर पांडेय**



एक तरफ जहां देश का गोदी मीडिया खासकर टेलीविजन ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफें के पुल बांधने में लगा है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के भीतर बैठे कई नेता संघ प्रमुख मोहन भागवत की ओर टकटकी लगाये बैठे हैं, कि वे कब बोलेंगे। वे कम बोलते हैं। पर उनके बोलने से भाजपा हिल जाती है। और जब नहीं बोलते तो उनकी खामोशी बोलती है। हाल ही में संघ प्रमुख ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में जो प्रतिक्रिया दी है, उससे मोदी खेमा निराश है।

नागपुर में कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय के समापन समारोह को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पहलगाम हमले के बाद के घटनाक्रम पर सेना व सरकार की सराहना की। लेकिन अपनी ही पार्टी का नेता होने के बावजूद भागवत ने न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ज़िक्र किया, न ही 'ऑपरेशन सिंदूर' या 'सीज़फ़ायर' का, और 'हिंदू समाज' की जगह केवल 'समाज' शब्द का प्रयोग किया। यह चुप्पी और शब्दों का सावधानीपूर्वक चयन कई सवाल खड़े करता है। मोहन को मोदी का नाम लेने से परहेज क्यों। कारण आगे समझ में आयेंगे। लेकिन पहले बात अनुशासन की। संघ के पूर्व सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर (गुरुजी) कहते थे, व्यक्ति महत्वपूर्ण नहीं है, विचार महत्वपूर्ण है। लेकिन प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी संघ से बड़े ही नहीं बहुत बड़े होते गए। इसलिए भागवत की नाराजगी को समझना जरूरी है।

इसे भी पढ़ें: गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा, पार्टी के शीर्ष नेताओं की साफ़गोई कमाल की रही

भागवत ने कहा कि, पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने राजनीतिक दलों व समाज की भी प्रशंसा की, पर साथ ही कहा कि इससे समस्या तो खत्म हुई नहीं।

विपक्ष से लेकर रक्षा-राजनय और मीडिया विशेषज्ञ सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। कई तो इसे मोदी सरकार का ब्लंडर भी कहने लगे हैं। दुनिया कुछ भी कहे, संघ प्रमुख का कहना मायने रखता है। और तब बहुत रखेगा, जब संघ समय पर निर्णय भी ले। मणिपुर की घटना के एक साल बाद संघ प्रमुख की प्रतिक्रिया आयी और अबतक हल नहीं निकला।

**'समस्या खत्म नहीं हुई': मोहन भागवत :** भागवत के इस बयान को केवल 'ऑफ-हैंड' टिप्पणी नहीं माना जा सकता। उनका यह कहना कि संकट बरकरार है और समस्या का समाधान नहीं हुआ, 9 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने के बाद भागवत ने देशवासियों से सेना और सरकार का समर्थन करने की अपील की थी, लेकिन अचानक हुए युद्धविराम ने संघ को असमंजस में डाल दिया।

दशकों से भाजपा और संघ परिवार कांग्रेस पर आरोप लगाते रहे हैं कि उसने 1971 सहित कई मौकों पर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर कब्जा नहीं किया। तो अब जबकि मोदी सरकार के समय सेना पाकिस्तान को घुटनों पर ला रही थी, तो युद्धविराम क्यों हुआ?

**विपक्ष के सवाल और संघ का मौन :** भागवत का बयान ऐसे समय आया है जब विपक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद के विशेष सत्र की मांग कर रहा है। विपक्ष के प्रमुख सवाल हैं:

- विदेश मंत्री ने ऑपरेशन शुरू होने पर पाकिस्तान को क्यों सूचित किया?
- जब सेना जीत रही थी, तो युद्धविराम क्यों?
- सीज़फ़ायर की घोषणा अमेरिका ने क्यों की?
- ट्रंप ने 14 बार मध्यस्थता की बात कही, पर मोदी ने इसका खंडन क्यों नहीं किया?
- कश्मीर को द्विपक्षीय मुद्दा रखने की बजाय अमेरिकी मध्यस्थता क्यों मानी गई?
- क्या ऑपरेशन में राफेल समेत पांच विमान गिरे, जैसा कि दावा किया गया?

भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा कि विमानों की संख्या से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। सरकार इन सवालों का जवाब देने से बच रही है। सवाल यह भी है कि जब पीएम मोदी ने 80 से अधिक देशों का दौरा किया, तो इस युद्ध में केवल दो-तीन देशों को छोड़कर कोई साथ क्यों नहीं आया? क्या यह विदेश नीति की नाकामी नहीं? इन मुद्दों पर भागवत का मौन बहुत कुछ कहता है।

**भागवत का 'समाज' पर जोर :** भागवत ने इस बार अपने बयान में 'हिंदू समाज' के बजाय 'समाज' शब्द का इस्तेमाल किया। वे पहले भी कह चुके हैं कि मुसलमान भी हिंदू हैं और समाज का हिस्सा हैं।

पहलगाम हमले में आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर हत्या के नैरेटिव ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की थी। लेकिन कश्मीरी मुसलमानों ने आतंकवाद के खिलाफ रैलियां निकालकर इस नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी ने पहले मुस्लिम दुकानदारों को नेमप्लेट लगाने के आदेश दिये, तो फिर महाकुम्भ में उनके प्रवेश पर रोक भी लगायी। हालांकि मोदी-योगी के नारे, उसी संगम में तब डूब गए, जब कुम्भ के हजारों भगदड़ प्रभावितों को प्रयागराज के मुसलमानों ने अपने घरों में शरण देकर गंगा-जमुनी तहज़ीब का उदाहरण पेश किया।

यूपी में मुसलमानों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट को रोक लगानी पड़ी। मस्जिदों पर तिरपाल, मंदिर खोजने, और औरंगजेब की कब्र खोदने जैसे मुद्दों पर संघ के भैयाजी जोशी को कहना पड़ा कि औरंगजेब यहीं पैदा हुआ और उसकी कब्र यहीं रहेगी।

**संघ का मोदी से मतभेद :** संघ का मतभेद मोदी या भाजपा से नहीं मोदी की कार्यशैली से है। 2024 के चुनाव में भाजपा ने '400 पार' का नारा दिया और विपक्ष को दुश्मन की तरह देखते हुए आक्रामक प्रचार किया। मोदी ने 'मंगलसूत्र', 'घुसपैठिए' और 'बंटोगे तो कटोगे' जैसे सांप्रदायिक बयान दिए। भागवत समझाते रहे कि विपक्ष का भी सम्मान बराबर है। यह भी कहा कि हिंदुत्व कोई धर्म नहीं, बल्कि जीवन पद्धति है और मुसलमान और ईसाई भी समाज का हिस्सा हैं, लेकिन उनकी आवाजें मोदी के आक्रामक प्रचार के शोर में नक्कारखाने में तूती की तरह दब गयीं।

राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर भी संघ प्रमुख ने राम की मर्यादा और उनके चरित्र को अपनाने की सीख दी थी। भागवत ने एक बार कहा था, एक सच्चा सेवक अहंकारी नहीं होता। संघ अपने शीर्ष नेता को मूल्यों, मर्यादा और अनुशासन की याद दिलाता रहा और मोदी सरकार अपने मन की बात करती रही।

उल्टे मोदी ने 11 साल में पार्टी को स्व-केंद्रित बनाया, पार्टी की बजाय 'मोदी की गारंटी' को बढ़ावा दिया। और इसे चुनाव जीतने के लिए जरूरी बताकर संघ का मुंह बंद रखा। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जब पूर्ण बहुमत नहीं मिला, तभी से संघ भाजपा के संगठन को मजबूत करने पर जोर दे रहा है। एक और बात संघ को चुभ गई कि पिछले लोकसभा चुनाव नतीजों से पहले ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह कहकर सनसनी मचा दी कि भाजपा अब बड़ी और सक्षम हो चुकी है, उसे संघ के निर्देश की आवश्यकता नहीं।

लोकसभा चुनाव में 240 सीटों के साथ अल्पमत में आये प्रधानमंत्री मोदी ने बिना भाजपा कार्यकारिणी की बैठक बुलाये या संघ से मशवरा किए बगैर एनडीए की बैठक बुलाकर खुद को फिर से नेता घोषित कर लिया। इसीलिए अब संघ अपने विश्वासपात्र को अध्यक्ष बनाना चाहता है, जबकि मोदी-शाह 2029 के लिए सरकार के साथ पार्टी पर पूरा नियंत्रण चाहते हैं।

**मोदी का दोहरा रवैया और संघ के विचारों पर प्रहार :** मोदी ने पहले तो 'बंटोगे तो कटोगे' जैसे सांप्रदायिक नारे दिए, लेकिन ईद पर 'सौगात ए मोदी' भेजकर भाजपा समर्थकों को असमंजस में डाल दिया। यही नहीं, जो संघ सावरकर के हिंदू एकता के बुनियादी विचारों पर खड़ा है और हमेशा जाति प्रथा के साथ आरक्षण का भी विरोधी रहा है, भागवत व स्वयं मोदी भी इसके खिलाफ बोल चुके हैं, उन्हीं मोदी ने अचानक अगली जनगणना में जातियों की गणना कराने की राहुल गांधी की मांग को मंजूरी दे दी, तो समूचा संघ परिवार हिल गया। यह सावरकर समेत समूचे संघ की सोच पर हमला था। भागवत भले ही यह कहते हों कि मुसलमान भी हिंदू हैं और समाज का हिस्सा हैं, उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि वे अब हिंदू एकता की बात नहीं करते। सवाल है कि जाति जनगणना के मोदी के फैसले के बाद संघ कार्यकर्ता अब शाखाओं में क्या कहेंगे।

**भाजपा अध्यक्ष पद का विवाद और 75 साल का नियम :** संघ और मोदी-शाह के बीच एक अहम पेंच फंसा है - भाजपा के पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव का। यह मतभेद एक साल से जारी है। मार्च 2025 में मोदी नागपुर गए, और 30 मई को भागवत दिल्ली में मोदी से मिले, लेकिन मसला अनसुलझा रहा।

मोदी ने 75 साल की उम्र में नेताओं को रिटायर करने का नियम बनाया, आडवाणी, जोशी जैसे नेता रिटायर कर भी दिये गए। अब सितंबर 2025 में मोदी खुद 75 साल के होंगे। पार्टी नेता चाहते हैं कि यह नियम उन पर भी लागू हो। लेकिन वो पद छोड़ने के मूड में नहीं। सूत्रों के मुताबिक मोदी खेमे ने भागवत को यह समझाने की कोशिश की है, कि उनकी सरकार संघ के सारे एजेंडे को पूरा कर चुकी है। बस एक पाक प्रायजित आतंकवाद का मसला बाकी है, इसलिए उन्हें सरकार के साथ पार्टी का भी पूरा नियंत्रण मिलना जरूरी है। लेकिन चूंकि पार्टी अध्यक्ष ही पार्टी के अगले प्रधानमंत्री का नाम तय करेगा, इसलिए मोदी अपनी पसंद का अध्यक्ष चुनना चाहते हैं, पर संघ अब मोदी को मौका देने के मूड में नहीं है। इसीलिए पार्टी अध्यक्ष का चुनाव अहम है। पार्टी अध्यक्ष तय होते ही यह भी तय हो जाएगा कि आखिरकार किसकी चली और आगे कौन बनेगा बादशाह।

# उद्देश्य से भटके संयुक्त राष्ट्र संघ को भंग क्यों नही करते?

**अशोक मधुप**



संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य औचित्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, और विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में 51 देशों द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य था कि भावी युद्धों को रोका वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। आज 193 देश इसके सदस्य हैं। इतने बड़े संगठन का लगता है कि आज कोई देश कहना मानने को तैयार नहीं। सबकी अपनी ढपली अपना राग है। संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बन कर रह गया है। लगभग एक साल आठ माह से इजरायल-हमास युद्ध चल रहा है। अब इजरायल से ईरान पर हमलाकर दिया है। इजरायल-ईरान युद्ध में बैलिस्टिक मिजाइल प्रयोग हो रही हैं। सवा दो साल से रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है। तालिबान द्वारा अफ़ग़ानिस्तान में की गई बरबादी पूरी दुनिया ने देखी। संयुक्त राष्ट्र संघ मानव जीवन की बरबादी देख रहा है। यह असहाय बना बैठा है। मानव जीवन का विनाश रोकने के लिए वह कुछ नहीं कर पा रहा। उसकी भूमिका शून्य होकर रह गई है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ नहीं कर सकता। को देश उसकी मानने को तैयार नही।युद्ध रोकने की उसकी शक्ति नहीं तो उसका औचित्य क्या है? दुनिया के देश क्यों इस सफैद हाथी को पाले हैं। क्यों इसका खर्च वहन कर रह हैं।इस भंग क्यों नही कर दिया जाता। एक साल आठ माह से से हमास-इजरायल युद्ध चल रहा है। लगभग डेढ़ साल पूर्व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास हुए। कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर वीटो पावर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नहीं हो सका। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस युद्ध को रोकने के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किया, किंतु इजरायल ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया। होना यह चाहिए था कि प्रस्ताव होता कि हमास ने इस्राइल पर हमला किया है, वह इजरायल के नुकसान की भारपाई करे। इजरायल के बंदी रिहा करे। ये भी व्यवस्था होती कि भविष्य में हमास ऐसा दुस्साहस न कर सके। सब चाहते हैं कि इस्राइल युद्ध रोके। कोई ये पहल नही कर रहा कि पहले हमास इजरायल के बंदी रिहा करे। इजरायल के हमलों में बच्चों और महिलाओं के मरने की बात हो रही है। मुख्य मामला पीछे चला गया। अब ये सब बात बंद हो गई। साफ हो गया कि इजरायल मानने वाला नही है। हमास के हमले में इजरायल में बच्चों-महिलाओं का जिस तरह कत्ल किया गया, उनकी गर्दन काटी गई। उसका कहीं जिक्र नहीं हो रहा। इस तरह का दोहरा आचरण दुनिया का विखंडित ही करेगा, रोकेगा नही। पिछले तीन साल चार माह से रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है। इस युद्ध में मरने और घायल होने वाले दोनों देशों के सैनिकों की संख्या पांच लाख के आसपास है। अपने सैनिकों की मौत के बारे में न रूस कुछ बता रहा है, न ही यूक्रेन।

रूस-यूक्रेन युद्ध में सीएसआईएस के जून 2025 के अनुमान के अनुसार रूस के लगभग 250,000 सैनिकों की मौत हुई। साढ़े सात लाख गंभीर रूप से घायल हैं। यूक्रेन की और से 21 मई 2025 तक 70,935 यूक्रेनी सैनिक मारे जा चुके हैं। सीएसआईएस का जून 2025 अनुमान: कुल 400,000 हताहत (इसमें 60 हजार से एक लाख मारे और 300-340 हजार घायल हुए)। यूक्रेनी ऑफिशियल आंकड़े के अनुसार 43,000 मारे और 370,000 घायल हुए। यूएनएचसीआर के अनुसार, लगभग 10.6 मिलियन यूक्रेनियन विस्थापित हुए हैं। 3.7 मिलियन देश के अंदर, 6.9 मिलियन विदेश में विस्थापित हुए। यूएन के अनुसार यूक्रेन में लगभग 13,134 नागरिकों की मौत हुई है (2025 तक सत्यापित); 2022-2024 में मान्यता प्राप्त कुल नागरिक मृत्यु 50,000 तक हो सकती है। उधर इज़राइल-हमास संघर्ष में इजरायल के 831 सैनिक मरे, 5,617 घायल हुए। 924 नागरिक मरे, 14,000 से ज्यादा घायल हुए। हमास/गाज़ा के 20,000 से ज्यादा मिलिटेंट मरे। (सटीक घायलों का डेटा नहीं) 55,000 से ज्यादा गाज़ाई महिला-बच्चे मरे।

इतना सब होने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध को नहीं रोक पाया। न रोक पा रहा है। इस युद्ध से दोनों देशों के विकास तो रुका ही। मानव कल्याण के लिए भवन, पुल, स्कूल और उद्योग खंडहर बन गए। इनके युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों को होने वाली अनाज की आपूर्ति रुकी है। इससे पूरी दुनिया में मंहगाई बढ़ रही है। हाल ही में यूक्रेन ने रूस पर बड़ा हमला किया। इससे रूस को भारी क्षति हुई। कई आधुनिक लड़ाकू विमान तबाह हुए। उसका जबाव रूस ने भी दिया। जिस तरह से रूस लड रहा है। मित्र देश यूक्रेन को पीदे से मदद कर रहे है, उससे लगता है कि गुस्साकर कभी भी रूस परमाणु हमला कर सकता है। किंतु इसकी किसी को चिंता नहीं। हमास-इजरायल युद्ध के बीच हुती विद्रोहियों ने इजरायल पर मिसाइल से हमले किए। इजरायल समर्थक देशों के मालवाहक जहाजों पर मिसाइल दागीं। इस सब के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ की नींद नही खुली।

आज संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ देश के हाथों की कठपुतली बन गया है। अन्य देश न अपनी ताकत का प्रयोग कर सकता है ना अपनी क्षमता का। संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज के हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में वह सक्षम नहीं है। पांच वीटो पावर देश उसे अपनी मर्जी से नचा रहे हैं। उनके एकजुट हुए बिना संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ नहीं कर सकता। ये पांचों विटो पावर देश खुद खेमों में बंटे है। ऐसे में सर्व सम्मत प्रस्ताव पास होना एक प्रकार से नामुमकिन हो गया है। म्यांमार में पिछले दिनों सेना का जुल्म देखने को मिला। चीन में उइगर मुसलमानों पर जुल्म जग जाहिर हैं। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पुलबामा कांड के बाद भारत ने पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तान के जवाब में चार दिन युद्ध चल कर रूका। संयुक्त राष्ट्र संघ इसे रोकने के लिए भी कुछ नहीं कर सका। तालिबान के कब्जे के बाद अफ़ग़ानिस्तान की बरबादी दुनिया ने देखी। पूरा विश्व सब देखता रहा। कोई कुछ नहीं कर सका। आज आतंकवाद पूरे विश्व की बड़ी समस्या है। सब जानते हैं कि कौन देश इसे पाल पोस रहे हैं। इस आंतकवाद के खात्मे के लिए कोई संयुक्त प्रयास नही हो रहे। कभी इस बारे में प्रस्ताव आता है तो पांच विटो पावर दादाओं में से कोई न कोई उस प्रस्ताव को विटो कर देता है।

जिस तरह से इजरायल हमास और ईराक में संघर्ष चल रहा है। अमेरिका इजरायल के पीछे खड़ा है। यूक्रेन के पीछे मित्र राष्ट्र हैं। ऐसे में कभी भी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध का सामना करना पड सकता है।

आज जरूरत आ गई है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की उपयोगिता पर विचार किया जाए। इसे उपयोगी बनाने पर कार्य किया जाए। ऐसा ढांचा खड़ा किया जाए कि एक देश दूसरे देश का मददगार बने। मुसीबत में उसके साथ खड़े हो, उसकी रक्षा कर सकें। ऐसा नहीं आपदा के समय सिर्फ तमाशा देखें। सब दुनिया के सभी देश बराबर हैं तो पूरी दुनिया के पांच देशों को ही वीटो पावर का अधिकार क्यों? उनकी ही पूरी दुनिया पर दादागिरी क्यों? इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में डिक्टेटरशिप लागू नहीं है जो किसी विशेष का निर्णय फाइनल होगा। किसी निर्णय को रोक सकेगा। आज के हालात में सामूहिकता बढ़ाने, सामूहिक निर्णय पर चलने, सामूहिक विकास का सोचने की सबसे बडी जरूरत है। और एक ऐसे संगठन की दुनिया को जरूरत है जो निष्पक्ष और तटस्थ होकर पूरी दुनिया में शांति स्थापना के लिए काम कर सके। ऐसे संगठन की जरूरत नहीं है जिसमें चार या पांच दादाओं का ही निर्णय चले। पूरी दुनिया निरीह बनी लूटी-पिटी मौन खड़ी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक शाला गिरहोला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गिरहोला में नए शैक्षणिक सत्र शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत ग्राम के जनप्रतिनिधियों तथा शाला समिति के सदस्यों को आमंत्रित किया गया इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र - छात्राओं को जनप्रतिनिधियों के द्वारा नि:शुल्क गणवेश का वितरण किया गया साथ ही साथ विद्यालय के दो छात्राओं का चयन 'राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा' में चयन होने पर उन्हें सम्मानित किया गया , जनप्रतिनिधियों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में जिला जनपद सदस्य श्रीमती ऊषा सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि श्री अश्वनी धनकर, ग्राम पंचायत गिराहोला के सरपंच श्री घनश्याम बंजारे, पंच कन्हैयालाल सोनवानी, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष व पंच श्री उमेश बंजारे पंच श्रीमती शिव टंडन,श्री कुंज लाल बंजारे व शाला के समस्त शिक्षक प्रभारी प्रधान पाठक श्री साकेत कुमार सोनी, श्रीमती चंद्रिका सहारे, श्रीमती रामहीन उइके, श्रीमती दामेश्वरी ध्रुवे, श्रीमती सोफ्यिा जोसेफ श्री राहुल वासनिक उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बनें सशक्त टीम का प्रेरक प्रयास - चाय की दुकान खोलेगा नरोत्तम बंजारे

**नरोत्तम की आँखों में अब उम्मीद की चमक है। वह कहता है ङ्क कृत्रिम पैर लगने पर ई-रिक्शा चलाकर पूर्ण आत्मनिर्भर बनूंगा**

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी के हरफ्तरई गांव का नरोत्तम बंजारे (39 वर्ष) अब एक नई शुरुआत के साथ आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ा रहा है। दुर्गा और रामायण मंडली के सक्रिय गीतकार, गायक और वादक रहे नरोत्तम का जीवन हाल ही में एक चुनौतीपूर्ण मोड़ से गुज़रा, जब उसे एक गंभीर बीमारी के कारण अपना बायां पैर गंवाना पड़ा।
स्वाभिमानी और आत्मविश्वासी कलाकार नरोत्तम ने कभी किसी से मदद नहीं मांगी, लेकिन जब हालात कठिन हुए, तब दिव्यांग बनें सशक्त टीम धमतरी ने उसकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। टीम की पहल पर नरोत्तम और उसकी मां शांति बाई को चाय की दुकान खोलने के लिए आवश्यक समस्त सामग्री ङ्क टेबल, तालपत्री, चाय-सामग्री, जलाऊ लकड़ी, बिस्किट, नमकीन, बर्तन आदि ङ्क प्रदान किए गए। साथ ही एक मोबाइल फोन भी भेंट किया गया ताकि वह संपर्क में रह सके और कारोबार को आगे बढ़ा सके। संयोजिका डॉ. सरिता दोशी और अनु नंदा ने इस अवसर पर बताया कि उनकी टीम विगत 7 वर्षों से दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाने, उन्हें स्वनिर्भर बनाने और समाज में सम्मानपूर्वक स्थान दिलाने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। इसके पूर्व भी उनकी टीम ने ई-रिक्शा और फल ठेले उपलब्ध करवा कर तथा विवाह करवाकर सात दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने में मदद की है। इसके लिए टीम के सदस्यों को अपने परिवार,रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाली अनु नंदा, सोनिया दत्ता, वर्षा खंडेलवाल,पायल खंडेलवाल,प्रभा रावत, ममता गोयल, नेहा गोयल, रेणु भूतड़ा, वंदना शर्मा, , सुधा अग्रवाल, ज्योति लुनिया, नमिता चौरड़िया, नीतू दुग्गड़, वंदना मिराणी, ,रसीला बेन दोशी एवं श्रीकुंवर लोढा भिलाई का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर हरफ्तरई ग्राम के अमर बंजारे, लोकेश बंजारे, लक्की बंजारे, पीला बाई गायकवाड़,खिलेश्वर धृतलहरे सहित कई ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे और नरोत्तम का उत्साह बढ़ाया। नरोत्तम की आँखों में अब उम्मीद की चमक है। वह कहता है ङ्क कृत्रिम पैर लगने के बाद ई-रिक्शा चलाकर पूर्ण आत्मनिर्भर बनूंगा।

### सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन 23 से

**गरियाबंद।** जिले में 23 जून से विकासखंड स्तर पर सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुखत: सिकल सेल द्विव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। साथ ही सिकल सेल के मरीजों का जांच, उपचार एवं आवश्यक सलाह दिया जाएगा। शिविर में अन्य प्रकार के द्विव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए किया जायेगा। सभी जगह शिविर सुबह 9 बजे से लगेगी।

# शाला प्रवेशोत्सव 2025 : पूरी क्षमता को सही दिशा में लगाकर सफलता का सोपान तय करें - राजस्व मंत्री वर्मा

**नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया गया अभिनन्दन**

**10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले 5 छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान**

**सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को वितरित की गई सायकिल**



**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव का जिला स्तरीय समारोह राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में सम्पन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती एवं भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर अभिनन्दन किया गया। साथ ही पाठ्यपुस्तक, गणवेश, बस्ता, टाई बेल्ट, कम्पास बॉक्स का वितरण भी किया गया।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह हमशा बने रहना चाहिए।सफल होने के लिए अपनी पूरी क्षमता को सही दिशा में लगाएं। निष्ठा और लगन के साथ मेहनत करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिले में 10 वीं और 12 वी का उत्कृष्ट परिणाम रहा जिसमें 5 छात्रों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि भले ही माता पिता बच्चों का पालन पोषण व जरूरतों को पूरा करते है लेकिन सही दिशा, दशा और व्यक्तित्व का निर्माण स्कूल में ही होता है। भविष्य संवारने के लिए वर्तमान में मेहनत करना जरुरी है। जंजागीर -चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि जीवन में सफल होने व मंजिल प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। ईमानदारी से मेहनत करें और भविष्य उज्ज्वल बनाएं। वर्तमान में सोशल मीडिया का दौर चल रहा है जिसके दुष्प्रभाव से बचना है। केवल पढ़ाई के लिए इसका उपयोग करें। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 16 जून 2025 से जिले के सभी स्कूल खुल गये है और जिले में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिले के 1806 स्कूलों में लगभग 24755 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे। आरटीई के तहत 2134 सीट के विरुद्ध 1687 बच्चों का नि:शुल्क प्रवेश हुआ है। पिछले वर्ष 10 वीं एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम अभूतपूर्व रहा। युक्तियुक्तकरण से 7 शिक्षकविहीन एवं 82 एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों का पदांकन किया गया है। कार्यक्रम में गत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले 5 छात्र - छात्राओं को अतिथियों के द्वारा सम्मनित किया गया जिसमें कक्षा 12 में हिमेन्द्र कुमार यादव एवं लूभी साहु , कक्षा 10 वीं में दिव्यांश देवांगन, कंचनबाला गेंन्ड्रे एवं साक्षी अग्रवाल शामिल हैं।इसके साथ ही सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 50 छात्राओं को सायकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## मंत्री केदार कश्यप ने खरखरा-रूदा एमएस पाइपलाइन और भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना का किया स्थल निरीक्षण



**अफसरों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश**

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जल संसाधन विभाग की खरखरा-रूदा एमएस पाइपलाइन और भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना से वर्तमान जल संकट की चुनौतियों, जल स्त्रोतों के सीमित एवं असंतुलित वितरण तथा बढ़ती जनसंख्या एवं औद्योगिकीकरण की आवश्यकताएं पूरी होगी। ये परियोजनाएं न केवल जल हानि को न्यूनतम करने, बल्कि जल संरक्षण और कुशल उपयोग के माध्यम से प्रदेश के हर नागरिक, कृषि क्षेत्र और उद्योगों को स्थायी जल आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। खरखरा-रूदा एमएस पाइपलाइन परियोजना 1486 करोड़ लागत की है, जबकि भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना 322 करोड़ लागत से पूर्ण की जाएगी। खरखरा-रुदा एमएस पाइपलाइन परियोजना स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित है,वहीं भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त परियोजनाओं का जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री कश्यप ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि यह परियोजना शासन की जन कल्याण की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है और इसके सफल समापन से क्षेत्र में जल सुरक्षा एवं विकास की नई दिशा स्थापित होगी। यह न केवल लाखों नागरिकों को शुध्द एवं निर्बाध जल उपलब्ध कराएगी, बल्कि हमें जल संरक्षण के प्रति भी सजग करेगी। महानदी गोदावरी कछार रायपुर मुख्य अभियंता सतीश कुमार टीकम ने कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन छत्तीसगढ़ शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ये परियोजनाए राज्य के औद्योगिक विकास, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के समग्र विकास का आधार है। जल सुरक्षा के प्रति हमारा संकल्प अटूट है और हम निरंतर नयी तकनीकों और संवेदनशील प्रशासन से इस लक्ष्य को साकार करेंगें। शिवनाथ मण्डल दुर्ग अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडो एवं भारतीय मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे है। पाइप लाइन निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं स्थायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी संरचनात्मक व हाइड्रोलिक गणनाएं एवं ड्राइंग डिजाइन विभागीय दिशा निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की गई है तथा कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है जिससे समय-सीमा के भीतर तकनीकी दक्षता के साथ जनहित में इस योजना को पूर्ण किया जा सके। तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत ने कहा कि इस परियोजना की परिकल्पना से लेकर क्रियान्वयन तक का हर चरण वैज्ञानिक आकड़ों, स्थलाकृतिक विश्लेषण, पाइप लाइन प्रेशर हैड कैल्कुलेशन और हाइड्रोलिक मॉडलिंग पर आधारित है। 3500 मिमी व्यास की उच्च गुणवत्ता युक्त एमएस पाईप भारतीय मानकों के अनुरूप कोटिंग व जांइटिंग व्यवस्था के साथ स्थापित की जाएगी, ताकि दशको तक निर्बाध जल प्रवाह सुनिश्चित हो सके। हमारा लक्ष्य न केवल समयबध्द पूर्णता है, बल्कि प्रत्येक तकनीकी पक्ष में शत-प्रतिशत गुणवत्ता भी सुनिश्चित करना है। स्थल निरीक्षण के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महानदी गोदावरी कछार रायपुर के मुख्य अभियंता सतीश कुमार टीकम, शिवनाथ मण्डल दुर्ग के अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय, तांदुला जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत, अनुविभागीय अधिकारी गोपी शर्मा, डी.एन. शुक्ला, आरके. सोनी, रोहन शॉ, पीएन साहू, कुलेश्वर जोशी, उपअभियंता गौरव सिंह, मुकेश अहिर सहित अन्य सभी तांदुला जल संसाधन के उपअभियंता मौजूद रहे।

## बरगा के विद्यालयों में प्रवेशोत्सव रहा शानदार, बांटी गई मिठाइयां



**साजा (समय दर्शन)।** ग्राम बरगा के प्राथमिक शाला, सरस्वती शिशु मंदिर एवं बाल संस्कार शिशु मंदिर में सोमवार को हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण में विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं भगवान श्री गणेश जी की पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ हुई। सभी विद्यार्थियों के माथे पर तिलक लगाकर प्रसाद बांटी गई। शुभ अवसर पर विद्यालय के परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा एवं स्कूल के पहले ही दिन से विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। बाल संस्कार विद्यालय में आरटीई के अंतर्गत नवप्रवेशित बच्चों को नि:शुल्क यूनिफार्म व पाठ्यपुस्तकें ग्राम प्रमुख व कोटवार ईश्वर गंधर्व के करकमलों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय में नवनिर्माण जैसे उल्लास का माहौल देखने को मिला। समस्त शिक्षकों की उपस्थिति व ऊर्जा भी प्रेरणादायक रही। विद्यालय के प्रमुख ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का स्नेह भरा स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान, श्री गणेश स्तुति, गुरुवंदना, हनुमान चालीसा, हे प्रभु आनंददाता, तथा श्री गुरुष्टकम का समवेत पाठ किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय एवं संस्कारमय बन गया।

## देश में केंद्र सरकार ने गत 11 वर्षों से न केवल दिशा दी, बल्कि उसे एक नव-संकल्प और नव-शक्ति से आगे बढ़ाया : रंजना साहू

**जन आस्था की जीत, सुशासन का परिणाम और नेतृत्व की दूरदृष्टि का प्रमाण है स्वर्णिम 11 वर्ष : श्यामा साहू**

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी- केंद्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित है, इसी तारतम्य में धमतरी भाजपा रावां मंडल द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजित ग्राम गुजरा में किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू रही, श्रीमती श्यामादेवी साहू जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा कि हम सभी एक ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर एकत्रित हुए हैं, जब हम भारत की प्रगति की उस यात्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिसे वर्तमान केंद्र कि भाजपा सरकार ने गत 11 वर्षों में न केवल दिशा दी, बल्कि उसे एक नव-संकल्प और नव-शक्ति से आगे बढ़ाया, वर्ष 2014, भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर आया, एक प्रचंड जनादेश के साथ श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में जो सरकार बनी, उसने फ्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और अब सबका प्रयासफ्त के मंत्र के साथ भारत को एक नए युग में प्रवेश कराया। आर्थिक क्षेत्र में सुधार और आत्मनिर्भरता, गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित योजनाएँ, डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी उन्नति, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक छवि, स्वास्थ्य और जनकल्याण के लिए अनेक योजनाएं लायी जो कि देश हित में रहा। श्यामा साहू ने कहा कि 11 वर्ष में भारत में जो कुछ पाया है वह केवल आंकड़े नहीं है यह जन आस्था की जीत सुशासन का परिणाम और नेतृत्व की दूर दृष्टि का प्रमाण है। इस संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु , तुलाराम साहू, राकेश साहू, दुजराम, साकेत साहू,केशव राव फगेश्वरी साहू, देहूती साहू, फत्तेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, सुमन देवांगन, प्रकृति यादव, परमेश्वर साहू, प्रभूराम, जागेश्वरी साहू, गणेश्वरी साहू, नेहा साहू, देवेन्द्र साहू, नामदेव राय, बसंत मीनपाल, रिन्कू सेन, शिवदयाल, भूपेंद्र साहू, भीमसेन साहू, खिलेश्वर साहू, तोमेश्वर साहू, गौकरण साहू, धरम साहू, पोखन साहू मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दमयंती केशव साहू ने किया एवं कार्यक्रम का आभार मंडल महामंत्री राकेश सिन्हा ने किया।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गाथा: मोदी सरकार के 11 वर्षों पर भाजपा की प्रोफेशनल मीट आयोजित



**मुंगेली( समय दर्शन )** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की यात्रा को स्वर्णिम युग बताते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यों को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

**मोदी सरकार ने बदली देश की राजनीतिक संस्कृति: शिवरतन शर्मा-** पूर्व विधायक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 के पूर्व की राजनीति तुष्टिकरण और समाज को खंडित करने वाली थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश की राजनीतिक संस्कृति पूरी तरह बदल गई है। अब सरकार रिपोर्ट कार्ड के साथ जनता के सामने आती है।

उन्होंने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर रोक, नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट), वक्फ अधिनियम में सुधार और महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णयों को सरकार की दूरदर्शी नीति का प्रमाण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार पारदर्शिता, विकास और आत्मनिर्भरता की प्रतीक बन चुकी है।

**यह अमृतकाल है, विकसित भारत की मजबूत नींव रखी जा चुकी है :** शिवरतन शर्मा ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने सामाजिक समरसता, आर्थिक मजबूती और विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को नए शिखर पर पहुँचाया है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना आज साकार हो रही है। सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात कर विकास की राह को गति दी है।

**सत्ता नहीं, सेवा है मोदी सरकार की पहचान: पुन्नूलाल मोहले :** इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की मिसाल हैं। सरकार अब सहभागी बन गई है, और सत्ता सेवा में परिवर्तित हो गई है।फ्त उन्होंने मोदी जी के नेतृत्व को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से मुक्त शासन का प्रतीक बताया।

**कार्यक्रम में जनभागीदारी और विचारों की गूंज :** कार्यक्रम का संचालन सुनील पाठक ने किया, जबकि जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने आभार जताया। संकल्प से सिद्धि अभियान के संयोजक गुरमीत सलूजा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध जन, व्यवसायी और नागरिकगण उपस्थित रहे।

**11 वर्षों की विकास गाथा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन :** कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा द्वारा 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, गुरमीत सलूजा, द्वारिका जायसवाल, सौरभ बाजपेयी, राजीव श्रीवास, नागेश्वर जायसवाल, अभिलाष द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेझरिया मे प्रवेश उत्सव मनाया गया




**बसना (समय दर्शन)।** बसना विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेझरिया मे सभी पालकों एवं विद्यार्थियों तथा शाला प्रबंधन समिति साल्हेझरिया के सदस्यों की उपस्थिति में दिनाँक 16 जून दिन सोमवार को नये शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया ।

इस दौरान सबसे पहले विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। पुष्प गुच्छ व तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी छात्रों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया ।

कार्यक्रम के निरीक्षक दिनेश डड़सेना व्याख्याता हायर सेकेन्डरी स्कूल गढ़फुलर तथा प्राथमिक विद्यालय साल्हेझरिया में नव पदस्थ शिक्षक गनपत कुमार का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

इस शुभ बेला पर गत वर्ष आठवीं मे अध्यनरत छात्रों के करकमलों से इस वर्ष आठवीं में अध्यनरत छात्रों के हाथों मे ज्ञान ज्योति दीप समर्पित कर पठन पाठन की जिम्मेदारी दिया गया कि, हम सब मिलकर हमारे शाला परिवार का नाम रोशन अनुशासित होकर करते रहेंगे।प्रधानपाठक द्वय सत्यभामा कुमार, सुश्रीअन्नपूर्णा बुड़ेक ने नये उमंग उत्साह के साथ सभी नये छात्रों का परिचय कराया एवं विशेष शुभाशीष दिया। पालकों एवं सरपंच हेमलता बारिक तथा शालाप्रबंधन समिति के सदस्यों को हर माह के बैठक में उपस्थिति हेतु आग्रह किया गया । इस शुभ अवसर पर रसोइया स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा खीर पूरी एव नव पदस्थ शिक्षक गनपत कुमार सिन्हा द्वारा मिठाई वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामना दी गई । इस दौरान 6 साल के बच्चों को पहिली कक्षा में दाखिल किया गया। जो बच्चे पांचवी उत्तीर्ण हो चुके हैं उन्हें छठवीं में प्रवेश हेतु दिशा निर्देश दिया गया गया। पुरन्दर डड़सेना उच्च प्राथमिक विद्यालय साल्हेझरिया द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी को गरिमामयी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चे पालक उत्साहित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न समाज ने एकजुट होकर किया श्रद्धांजलि सभा



**रायपुर ( समय दर्शन )।** भारत माता ऑटो स्टैंड टाटीबंध रायपुर के पास विभिन्न समाज के प्रतिनिधि एवं संघ तथा नरेन्द्र मोदी विचार मंच,विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ,धर्म जागरण विभाग के स्वयंसेवकों ने मिलकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया । गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी एवं सभी अहमदाबाद मे भयावह विमान हादसे में काल कलवित हूए मृत आत्माओं की शांति हेतु 2 मिनट का मौन व्रत एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी गोपाल टावरी, आशुतोष दुबे ,संतोष गुप्ता, जितेंद्र शर्मा ,संजीव सोनी राष्ट्रीय सचिव सोनी समाज एवं अन्य समाज के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से प्रार्थना किया कि, इस दु:ख की घड़ी में मृतातमाओ के परिवार को इस असह्य दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### डुडुमचुवाँ में ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर आज



**सरायपाली/महासमुन्द( समय दर्शन।** महासमुन्द जिला अंतर्गत विकासखंड सरायपाली के ग्राम डुडुमचुवाँ में 17 जून को सुबह 10:00 बजे ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )नम्रता चौबे (द्धस)के द्वारा विकासखंड के समस्त विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक जनपद पंचायत भवन सरायपाली में आज लिया गया। जिसमें एसडीएम श्रीमती चौबे द्वारा बताया गया कि भारत जनजातिय मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आदिवासियों के उत्थान हेतु महत्वपूर्ण योजना क्रमश: जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन )एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें विकासखंड के चिन्हित गांव में 17 जून से 27 जून तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत ग्राम डुडुमचुवा से किया जा रहा है इस शिविर में ग्राम मोहनमुंडा , काकेनचुवा , मौहाडीपा व कोसमपाली के ग्रामीण इस शिविर का लाभ लेंगे। इस शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड ,आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसलिंग ,जाति प्रमाण पत्र ,आदिवासी प्रमाण पत्र ,किसान क्रेडिट कार्ड ,जनधन खाता ,सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, रोजगार और आजीविका योजनाएं ,महिला एवं बाल विकास कल्याण बीमा आदि तैयार किया जाएगा। एसडीएम द्वारा अपील किया गया है कि उपरोक्त ग्राम के संबंधित हितग्राही इस योजना का लाभ अवश्य लेवे।

### सोनकर समाज ने किया जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक का नागरिक अभिनंदन



**पाटन।** ग्राम पंचायत घुघवा में सोनकर समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सोनकर समाज के विभिन्न प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जनप्रतिनिधियों का सम्मान समाज के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक का भी नागरिक अभिनंदन किया गया। श्रीमती कीर्ति नायक ने अपने संबोधन में कहा कि समाज से बढ़कर कुछ भी नहीं है और क्षेत्र में कहीं भी हो समाज में जुड़ने से स्वयं को मजबूत लगता है। उन्होंने कहा कि सोनकर समाज एक मेहनत कश समाज है। सोनकर समाज के प्रतिभाएं अब उभर कर सामने आने लगी है । उन्होंने समाज के लोगों से भी अपील किया है कि सोनकर समाज की प्रतिभाओं का इस तरह से सम्मान किया जाना जरूरी है जिससे कि अन्य लोगों को भी इससे प्रेरणा मिले। इस अवसर पर ग्राम घुघवा सहित आसपास के सामाजिक जन बड़ी संख्या में कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने किया औचक निरिक्षण




**बसना (समय दर्शन)।** आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमदरहा में प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल का संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम हायर सेकेंडरी के सभागार में धूमधाम से मनाया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद अध्यक्षता जे. आर. डहरिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना, विशिष्ट अतिथि पूर्णानंद मिश्रा बी आर सी सी, जन प्रतिनिधि दीक्षित चंद्राकर, नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे, जमीन दान दाता वेणुधर बरिहा,भूकेल प्रभारी सुरेश साहू,शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई।तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली, छठवीं एवं नववीं के नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर कर एवं गणवेश प्रदान कर स्वागत किया गया।

उद्बोधन में श्री मिश्रा ने बताया गया कि बसना विकासखंड में नवाचार गतिविधियों में जमदरहा संकुल हमेशा सक्रियता के साथ सहभागी बने हैं। संकुल समन्वयक की सक्रियता काफ़ी अच्छी है।ततपश्चात् जिला शिक्षा अधिकारी लहरे द्वारा विद्यालय के अपने अनुभव और शिक्षा के मूल्य पर प्रकाश डाला गया।शाला नियमित आकर अध्ययन करने और इस गाँव के विकास में अच्छे नागरिक बनने का आह्वान छात्रों से किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजन कर,शिमला चौहान, डोलामणि पटेल, जितेंद्र नाग, शंकर सिदार, टेमन साहू, पांडव नागवंशी, सुनीता नायक,देवमती पटेल,चंद्रकांत मांझी, लीलाधर पटेल, आशीष कुजूर, कमलेश कमार एवं और समस्त स्टॉप खेमराज पटेल अनेक ग्रामीण, पालक उपस्थित थे।कार्यक्रम में प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे ने किया।

# बंसुला स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बसना (समय दर्शन)।** शासकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला बंसूला बसना में शासन प्रशासन के दिशा निर्देश पर प्रवेश उत्सव मनाया गया । इस दौरान बतौरअतिथि ग्राम पंचायत बंसूला के सरपंच नवीन साहू,नोडल प्राचार्य बलदेव मिश्रा, संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना शिक्षक स्टाफव गणमान्य जन उपस्थित रहे। तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

शासन के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक एवं सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों मे प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है । इस तारतम्य में शासकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला बंसूला बसना मे

पश्चात कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को नवीन साहू सरपंच ने तिलक लगाकर स्वागत किया और साथ में गणवेश वितरित किया गया।

इस अवसर पर सरपंच नवीन साहू ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के सभी कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। शिक्षा के मंदिर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने संकल्प लिया।

बलदेव मिश्रा प्राचार्य ने अपने संबोधन में नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। संकुल समन्यवक गोवर्धन डडसेना सर ने एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए सभी बच्चों से आग्रह किया । युक्तिकरण के माध्यम से आई हुई नव पदस्थ शिक्षिका मंदाकिनी प्रधान का पूरे स्टॉफ के द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन दिनेश डडसेना प्रधान पाठक एवं कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश भोई ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, अनिता साहू, सुजाता प्रधान, सीता साहू, पुष्पांजलि नाग, राजेश साव, चमेली सागर, उतरा चौहान का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालयीन बच्चों के अलावा पलक व माताएं भी उपस्थित थे।

# शिक्षकों का काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध शुरू, 16 से 30 जून तक चलेगा विरोध पखवाड़ा




**रायपुर (समय दर्शन)।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ का युक्ति युक्तिकरण रद्द करने, 2008 का सेटअप लागू करने, सोना साहू के तर्ज पर एरियर्स सहित समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवागणना कर पुरानी पेंशन सहित समस्त लाभ देने एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता खत्म करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक आज से काली पट्टी लगाकर स्कूल गए है। इस प्रकार साझा मंच का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है।

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक केदार जैन, मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी एवं जाकेश साहू ने बताया प्रदेशभर के 23 शिक्षक संगठनों के संयुक्त फोरम शिक्षक साझा मंच द्वारा अपनी मांगों को लेकर विगत दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। समय के साथ हमने अपने आंदोलन का स्वरूप बदला है। अब हम बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलवाएंगे। गणवेश एवं कापी-पुस्तक वितरण कराएंगे। नियमानुसार प्रतिदिन स्कूल जाकर बच्चों की पढ़ाई भी लगातार करवाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रतिदिन 16 से 30 जून तक काली पट्टी लगाकर काम करते हुए सरकार की गलत नीतियों का सांकेतिक विरोध करते रहेंगे।

साझा मंच के प्रदेश संचालकगण भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो ने कहा कि प्रदेशभर में 16 से 30 जून तक सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव समारोह में आए हुए ग्रामीणजन, गांव के पंच सरपंचगण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पालक समिति एवं विद्यालय प्रबंध समिति को सभी शिक्षकों द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी कार्यों को बताया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक-एक शिक्षकों की संख्या कम की गई है। प्रधान पाठक के पदों को समाप्त किया जा रहा है। स्कूलों को मर्ज करने से प्रधान पाठक के पद समाप्त हो गए हैं।

स्कूलों में शिक्षकों के पदों में कमी करने से गुणवत्ता प्रभावित होगी। प्राथमिक शाला में मात्र दो शिक्षक रह गए। इस प्रकार मिडिल स्कूल में मात्र 3 से 4 शिक्षक ही रहेंगे। क्या इन तीन से चार शिक्षकों और प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों से शिक्षा में गुणवत्ता आ पाएगी। यह एक बड़ा प्रश्न है।

इसी बातों को लेकर शिक्षक साझा मंच का प्रदेशभर में काली पट्टी लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है। शिक्षक साझा मंच ने छत्तीसगढ़ में प्रदेश के सभी जिले, समस्त विकासखंड एवं समस्त संकुलों में संघ प्रतिनिधियों एवं समस्त आम शिक्षक साथियों से अपील की है कि सभी शिक्षक आज से 30 जून तक प्रतिदिन काली पट्टी लगाकर स्कूल जाए एवं सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, छत्तीसगढ़ प्रांत की वार्षिक प्रांतीय बैठक सम्पन



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के गरिमामय वातावरण में प्रांतीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन के प्रदेश भर से आए प्रतिनिधियों, जिला संयोजकों, और पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम् तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

बैठक में श्री दिनकर सबनीस जी-राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्री अशोक त्रिवेदी जी-अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, श्री अलंकार वशिष्ठ जी-क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. शोभा जी, श्री रविकांत जायसवाल जी की उपस्थित एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में संगठन के विविध कार्यों की समीक्षा की गई तथा मुख्य रूप से उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा, मूल्य वृद्धि, मिलावटखोरी, फूड सेफ्टी, ऑनलाइन खरीदारी में उपभोक्ताओं को हो रही समस्याएं, बाजार में हो रहे भ्रामक प्रचारों पर अंकुश, डिजिटल लेन-देन में हो रही उपभोक्ता ठगी, तथा उपभोक्ता जागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही, आगामी वर्ष के कार्ययोजना, जिला स्तर पर समितियों के गठन, साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उपभोक्ता शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कार्यशालाएं आयोजित तथा जनजागरण अभियानों की रूपरेखा पर भी निर्णय लिए गए।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत की नई कार्यकारणी की घोषणा की गई श्री राकेश चंद्राकर जी- प्रांत अध्यक्ष, डॉ. शोभा पंडित जी- प्रांत उपाध्याय, श्री देवेन्द्र कौशिक जी- प्रांत सचिव, श्री विजय मानिकपुरी जी- प्रांत सह-सचिव, श्री अजय पाध्ये- प्रांत कोषाध्यक्ष, श्री रामपाल सिंह जादोन- प्रांत संगठन मंत्री, सुश्री पूर्णिमा सिंह- विधि आयाम प्रमुख, श्री अनुराग त्रिपाठी- सहा. विधि आ.प्र., सुश्री सुनीता मानिकपुरी- महिला आयाम प्रमुख, श्रीमती प्रिया अग्रवाल- सहा. म.आ.प्र., श्री उमेश पासवान- प्रचार आयाम प्रमुख, श्री बहिरू आवारे- सहा. प्रचार आयाम प्रमुख, श्री योगेश गाँधी- पर्यावरण आ. प्र., श्री अमित वर्मा- प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख।

बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# रेत खदानों पर रोक : छत्तीसगढ़ में 15 अक्टूबर तक बंद रहेंगी खदानें



**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में नदी-नालों में रेत खदानों से रेत के उत्खनन और परिवहन पर अब प्रतिबंध लग गया है। रेत खदानें अब 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो पाएंगी। अगले चार महीने तक रेत कारोबारियों की मनमानी चलेगी और आम उपभोक्ताओं को मकान या अन्य निर्माण कार्यों के लिए महंगे दाम पर रेत मिलेगी। मानूसन को देखते हुए कुछ अनुज्ञप्तिधारियों ने लाइसेंस लेकर कई स्थानों पर रेत का भंडारण कर लिया है। वहीं, कई स्थानों पर रेत के अवैध भंडारण की शिकायतें भी मिल रही हैं।

**खनिज संसाधन विभाग के अनुसार वर्षाकाल में नदी-नालों में रेत उत्खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा :** केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में वर्षाकाल में नदियों में खनन संक्रियाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इसके मद्देनजर प्रदेश में भौमिकी व खनिकर्म संचालनालय द्वारा सभी कलेक्टरों व खनिज अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण स्वीकृत रेत खदानों में भी रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो सकेगा।

कुछ रेत खदानें पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने के कारण पहले से ही बंद हैं। इसके बाजवूद नदी-नालों से रेत के अवैध खनन व परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

**अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई :** खनिज विभाग के मुताबिक प्रदेश में जिला स्तर पर रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई व निगरानी की जा रही है. शिकायत मिलने पर रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन मामले में कई वाहनों को जब्त व जुर्माना वसूलने करने की कार्रवाई भी गई है।

**निर्माण कार्यों पर पड़ेगा असर :** रेत खदानें बंद होने व रेत आपूर्ति में दिक्कतें होने के कारण प्रदेश में सड़क, भवन व अन्य निर्माण कार्यों पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। इन निर्माण कार्यों के लिए वैध रेत भंडारण करने वालों से अधिक दाम पर रेत खरीदी करनी पड़ सकती है।

# पटरी पार क्षेत्र के तीन खिलाड़ियों का खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफएक्सीलेंस में चयन

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बिलासपुर के आवासीय खेल छात्रावास में पटरी पार क्षेत्र के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों वशिष्ठ साहू, योगेश मेश्राम एवं एकता राजपूत का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का चयन मात्र छह माह के अल्प प्रशिक्षण के बाद हुआ है, जो क्षेत्र में खेल जागरूकता और समर्पण का प्रमाण है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हॉकी राजनांदगांव की पहचान रही है, और यह चयन पटरी पार क्षेत्र में चल रहे खेल जागरूकता अभियान की सफलता का प्रतीक है। मृणाल चौबे जैसे समर्पित कोच का मार्गदर्शन इन खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने इस अभियान को और व्यापक स्तर पर जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, समाजसेवी ललित नायडू, हारुन खान, दीपेश चौबे और चयनित



खिलाड़ियों के पालकगण मंगल सिंह राजपूत, मोनिका राजपूत, कृष्णा मेश्राम, कंचना मेश्राम, उमाशंकर साहू एवं प्रेमलता साहू भी उपस्थित रहे।

हॉकी इंडिया के संयुक्त सचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने भी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि राजनांदगांव में हॉकी के पुनरुत्थान हेतु मृणाल चौबे के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र से ही इन खिलाड़ियों ने अभ्यास आरंभ किया था। यह अत्यंत गर्व की बात है कि इस पहल के मात्र छह माह में ही राष्ट्रीय स्तर पर चयन जैसी बड़ी उपलब्धि सामने आई है।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं एनआईएस गोल्ड मेडलिस्ट हॉकी कोच मृणाल चौबे ने जानकारी दी कि पटरी पार क्षेत्र के चिखली स्कूल मैदान में संचालित प्रशिक्षण केंद्र से चयनित तीनों खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। इनमें से दो खिलाड़ी, खेलो इंडिया सेंटर की डे-बोर्डिंग स्कीम के अंतर्गत, कोच शकील अहमद के मार्गदर्शन में सायंकालीन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चिखली स्कूल के मैदान में रोजाना सैकड़ों के संख्या में खिलाड़ी सुबह पांच बजे से अभ्यास करते है और इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से राजनांदगांव का गौरव बढ़ाया है।

## खबर-खास

### महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त के साथ किया शिवनाथ नदी इंटकवेल का निरीक्षण, बरसात के दिनों में झिल्ली पन्नी फंसने से रोकने सायफन में जाली लगाने के दिए निर्देश



**दुर्ग/समय दर्शन/** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात्रि को हुए भारी बारिश के चलते पुलगांव नाला में जमा झिल्ली पन्नी व जलकुंभी बहकर शिवनाथ नदी के 24एमएलडी इंटकवेल सम्प में फंस जाने के कारण सोमवार को विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाई बाधित हुई जिसकी जानकारी मिलने पर आज सुबह महापौर अलका बाघमार अधिकारियो के साथ पुलगांव नाला व इंटकवेल का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था सामान्य बनाए रखने आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए इस दौरान निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल जलगृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार,नीलेश अग्रवाल,श्रीमती शशि साहू,लीलाधर पाल पार्षद संजय अग्रवाल कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,उपभियंता गिरीश दीवान सहायक अभियंता मोहित मरकाम,जल निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। ईस दौरान महापौर व आयुक्त ने इंटकवेल में बार बार कचरा कचरा फंसने से रोकने सायफन में जाली लगाने व बारिश के दिनों में इस प्रकार की समस्या आने से रोकने नियमित झिल्ली पन्नी साफ करने इंटकवेल में कर्मचारी रखने कहा ताकि प्लांट तक पानी सप्लाई बाधित न हो। उल्लेखनीय कि केलाबाड़ी कसारीडीह बोरसी पोटिया सहित शहर के विभिन्न वार्डो से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी विभिन्न नाली व नालों के जरिए पुलगांव नाला में आकर मिलता है जो सामान्य दिनों में प्रवाह नही होने के कारण इसमें बहकर आए झिल्ली पन्नी प्लास्टिक जैसे कचरा जलकुंभी के बीच जम जाता है जो बारिश के दिनों में नाला में पानी चढ़ने के कारण सीधे शिवनाथ नदी इंटकवेल के सायफन में फंस जाता है और इसका सीधा असर फिल्टर प्लांट पर पड़ता हैं जहां मोटर बंद होने से पानी सप्लाई ठप्प होने के कारण शुद्धिकरण के पश्चात भरा जाने वाले टंकियो में पानी भर नही पाता इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अलका बाघमार द्वारा जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की मौजदगी में विभागीय अधिकारियों को ईस तरह से समस्या रोकने वैकल्पिक व्यवस्था करने व आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए है।ताकि पानी सप्लाई कम बाधित हो।

### सुशासन की परवाह नहीं : आरोपी अफसर ही बने जज, निलंबन की जगह कमेटी मे सदस्य बना कर दे दी ईनाम




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** गरियाबंद जिले मे अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण मे बरती गयी अनियमिता और खुले भ्रष्टाचार के दोषी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों जिन पर कुछ दिन पूर्व ही कलेक्टर ने निलंबन का प्रस्ताव भेजा हैं उनको युक्तियुक्तकरण मे असंतुष्ट शिक्षकों के न्यायालयीन मामलों पर अभ्यावेदन प्राप्त कर निराकरण करने के लिय? बनी समिति मे सदस्य मनोनीत कर जज बना दिया हैं। जबकि युक्तियुक्तकरण मे दोषी छुरा बीईओ किशनलाल मतावले को अनियमिताओ का दोषी मानते हूये निलंबन का प्रस्ताव जिला कलेक्टर ने सचिव स्कूल शिक्षा को भेजा हैं।वहीं जिले के मैनपुर ब्लॉक के प्रभारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेशराम पटेल व फिंगेश्वर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी जिस पर युक्तियुक्तकरण मे अनियमिता के आरोप लगे हैं को दंडात्मक कार्यवाही के बदले समिति मे रख कर गलत कार्य करने वालों को पुरुस्कृत किया जा रहा। वहीं एक ओर छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार स्वच्छ व सुशासन के प्रचार प्रसार कर भ्रष्टों पर जीरोटालरेंस की बात करती हैं उनके कथन को झूठा साबित करने का कार्य जिलाशिक्षा अधिकारी गरियाबंद करते हैं दागी शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण प्रभारी बना कर सरकार के सुशासन का माखौल उड़ा रही।देखने को मिलता हैं गरियाबंद जिले मे जितने बड़ा दागी उतना बड़ा पद मिल रहा निलंबन की जगह प्रोत्साहन,वाह रे सुशासन।

# थाने में गूंजा 'हैप्पी बर्थडे'ज दिव्यांग परमेश्वरी का जन्मदिन गरियाबंद पुलिस ने प्रेम और सम्मान के साथ मनाया

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** गरियाबंद पुलिस ने इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने हर किसी का दिल छू लिया। गुजरा निवासी दिव्यांग युवती परमेश्वरी कंवर की मासूम ख्वाहिश थी कि वह अपना जन्मदिन थाना परिसर में पुलिस परिवार के बीच मनाए। जब इस बात की जानकारी गरियाबंद थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव और उनकी टीम को हुई,तो वे खुद पहल करते हुए इस ख्वाहिश को हकीकत में बदलने में जुट गए।थाना परिसर को खूबसूरती से सजाया गया, खासतौर पर परमेश्वरी के लिए केक मंगवाया गया।पूरा थाना स्टाफइस खास दिन को यादगार बनाने में जुटा रहा।जैसे ही केक काटा गया और 'हैप्पी बर्थडे' की आवाज गूंजी,परमेश्वरी की आंखों में आंसू आ गए—लेकिन ये आंसू खुशी और सम्मान के थे।

परमेश्वरी ने कहा कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मेरे जन्मदिन पर पुलिस परिवार इतना प्यार और सम्मान देगा। यह मेरे जीवन का सबसे खास दिन है। मैं सभी पुलिसकर्मियों की शुक्रगुजार हूं।

**थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने कहा ,,,,** परमेश्वरी की यह छोटी-सी ख्वाहिश हमारे लिए बहुत




बड़ी बात थी। जब हमें इसकी जानकारी मिली, तो हमने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति ली। परमेश्वरी की मुस्कान ने हमें सिखाया कि हमारी छोटी-छोटी कोशिशें भी किसी के जीवन में बड़ी खुशियां ला सकती हैं। यह आयोजन पुलिस और समाज के बीच रिश्तों को और मजबूत करने का काम करता है। इस मौके पर पुलिस स्टाफ ने परमेश्वरी को केक खिलाया बारी बारी,बुजुर्ग सिपाही में आशीर्वाद दिया हर कोई इस आयोजन से भावुक हो गया और थाना परिसर में मानो एक परिवार का अपनापन महसूस हुआ।थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव की इस सराहनीय पहल की पूरे शहर चर्चा में हो रही है।गरियाबंद शहर में लोग आमतौर पर थाना परिसर का नाम सुनते ही झिझकते या घबराते हैं,लेकिन थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव और उनकी टीम ने जो मिसाल पेश की,उसने लोगों की सोच को बदल दिया। दिव्यांग परमेश्वरी कंवर के जन्मदिन को जिस आत्मीयता और मान सम्मान के साथ मनाया गया,वह हर किसी को भावुक कर गया।लोगों का कहना है कि पुलिस की यह मानवीय पहल समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है कि वर्दी में छिपा दिल भी उतना ही संवेदनशील और दयालु होता है। जन्मदिन के इस आयोजन ने पुलिस और जनता के बीच विश्वास की डोर को और मजबूत कर दिया है।

# दो अलग अलग प्रकरणो मे 60 लीटर अवैध ताड़ी (छिंद रस) एवं 6 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद (समय दर्शन)।**नया सवेरा अभियान* के अंतर्गत गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अवैध रूप से शराब,गांजा तस्करी व बिक्री पर लगाम लगाने एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिये गये थे।जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।इसी क्रम मे 15 एवं 16 जून को मुखबीर के जरिए से थाना प्रभारी देवभोग को सूचना प्राप्त हुआ की शिवा कुम्भम और तिरन यादव जो एक हि स्थान घटना स्थल छोटी गुड्डी तिराहा के पास अलग अलग समय मे दोनो आरोपियों के द्वारा अधिक मात्रा में अवैध ताड़ी (छिंद रस) एवं हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं।इस सूचना पर थाना से पुलिस स्टाफव गवाहों के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर अलग अलग समय मे दो व्यक्तियों को पकडे जिन्हें नाम पता पुछने पर



अपना नाम के.शिवा कुम्भम पिता यादईया कुम्भरम उम्र 24 वर्ष निवासी सालीगौरम थाना नालगोण्डा जिला नालगोण्डा तेलंगाना हाल मुकाम देवभोग धान मण्डी के पास और तिरन यादव पिता साधुराम यादव उम्र 33 वर्ष ग्राम खुटगांव थाना देवभोग का रहने वाला बतायें जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के. शिवा कुम्भम के कब्जे से अधिक मात्रा में 60 बल्क लीटर ताडी प्रजाति का ताडी (छिंदरस) मादक द्रव्य पदार्थ एवं आरोपी तिरन यादव के कब्जे से अलग अलग प्लास्टिक जरकिन मे 6 लीटर हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब होना पाया गया। आरोपीगण से बरामद ताडी (छिंदरस) एवं शराब को रखने व बेचने के संबंध मे वैध कागजात/लायसेंस की मांग करने पर आरोपीगण के द्वारा कोई कागजात नही होना बताया गया।प्रकरण में आरोपीगण का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पायें जाने पर थाना देवभोग मे अपराध क्रमांक 171/2025, 172/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।इस कार्यावाही में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# मेयर व कमिश्नर के औचक निरीक्षण में 64 कर्मचारी मिले नदारद, कटेगा वेतन

### मेयर,कमिश्नर के अचानक दबिश. जिसके बाद कार्यालय में मच गया हड़कंपः

**दुर्ग/ समय दर्शन।** महापौर श्रीमती अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान कुल 64 कर्मचारी नदारद मिले. महापौर व आयुक्त ने वेतन काटने का आदेश दिए.

महापौर श्रीमती बाघमार इन दिनों एक्शन मोड में हैं.वह दूसरी बार निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण कर रहे हैं.कहा निगम कार्यालाय का निरन्तर निरीक्षण किया जाएगा।महापौर के अचानक दबिश. जिसके बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया.

महापौर श्रीमति बाघमार कार्यालय खुलने के समय सुबह राजस्व विभाग,स्थापना शाखा दफ्तर पहुंचे. सभी विभाग का हाजिरी रजिस्टर की जांच की जहां लोक कर्म विभाग 7, बाजार विभाग से 6, लोक सेवा केंद्र 3,जन सूचना विभाग 2,राजस्व विभाग प्लेसमेंट कर्मचारी




10,लेखा शाखा 13,लोक कर्म विभाग 1,सचिवालय 5,स्थापना शाखा 3,राजस्व विभाग कर्मचारी 14,स्वास्थ्य विभाग 1 बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यलय से नदारद मिले.कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आधे दिवस का वेतन काटे जाने की कार्यवाही की गई.उन्होंने सभी कर्मचारियों के टेबल पर नाम पट्टिका आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एमआईसी नरेंद्र बंजारे,शेखर चन्द्राकर,ज्ञानेश्वर ताम्रकर,कार्यालाय अधिक्षक आरके बोरकर,पंकज चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद रहें।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई 2025 XL750 ट्रांसऐल्प, 'बुकिंग्स शुरू'

**गुरुग्रामः** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित2025 Honda XL750 Transalp के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं — चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स।

नई XL750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा)की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अबहोंडा की बिगविंग डीलरशिप्सपर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरणजुलाई 2025 से शुरू होगा।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, श्री त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडियाने कहाः हम भारत में नई XL750 ट्रांसऐल्पको पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। अपनी शुरुआत से ही ट्रांसऐल्प एडवेंचर राइडिंग की विश्वसनीय पहचान रही है और इसे दुनियाभर के खोजी राइडर्स ने अपनाया है।इस नए मॉडल में उन्नत फीचर्स और उद्देश्यपूर्ण डिज़ाइन को शामिल किया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि नई XL750 ट्रांसऐल्प भारत के एडवेंचर प्रेमियों को अत्यधिक उत्साहित करेगी। यह मोटरसाइकिल भारतीय बाज़ार में वैश्विक आइकॉन्स को लाने के प्रति हमारे प्रतिबद्ध प्रयासों को दर्शाती है।

इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए,श्री योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडियाने कहाःभारत में एडवेंचर मोटरसाइकिल सेगमेंट अत्यधिक तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमारे मौजूदा ADV पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों का उत्साह प्रेरणादायक रहा है।

नई और अपडेटेड XL750 ट्रांसऐल्पकी शुरुआत के साथ हम भारत में एडवेंचर टूअरिंग के लिए एक नई बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।

पहाड़ों की पुकार अब और तेज़ है — और ट्रांसऐल्प अब स्टाइल, प्रदर्शन और उद्देश्य के साथ उसका उत्तर देने के लिए तैयार है। बुकिंग्स अब देशभर के होंडा बिगविंग डीलरशिप्स पर खुल चुकी हैं, और हम जुलाई 2025 से डिलीवरी प्रारंभ करने के लिए तत्पर हैं।

# प्रशिक्षण के बाद आयुक्त और जिला मलेरिया अधिकारी ने किया कार्यालय का निरीक्षण

### हाट बजारों में सूखी मछली बिक्री पर नजर

**रिसाली (समय दर्शन)।** निचली बस्ती हो या फिर पॉश कालोनी मच्छर का प्रकोप हर जगह होता है। मच्छर के काटने से डेंगू, मलेरिया समेत फाइलेरिया और जल जनित बीमारी से बचाव हम खुद कर सकते है। सोमवार को नगर पालिक निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे ने कार्यशाला में जल जनित रोग और मच्छर से बचाव के तरीकों को विस्तार से बताया।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि कर्मचारी प्रत्येक बुधवार को अपने कार्य स्थल पर सफाई करे और रविवार को सार्वजनिक और रिहायशी इलाकों में कूलर की जांच करे। प्रत्येक घर में दस्तक दे। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी ने बचाव के तरीके को विस्तार से बताया। आयुक्त मोनिका ने साप्ताहिक बाजारों



में सूखी समुद्री मछली बिक्री पर नजर रखने का भी निर्देश दी है। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर, आजीविका विभाग के सिटी मिशन प्रबंधक, कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में यह बताया - सबसे पहले कूलर को साफकरना है। अगर कूलर के टैंक में लार्वा या फिर कूलर में कीड़े नजर आए तो टेमीफॉस डाले और 1 घंटे तक कूलर में लगे टूल्लू पंप को चालू रखे। इसके बाद पानी को खाली कर दे।

- घर के आंगन, किचन गार्डन और छत को अच्छे से देखे कि ऐसा कोई बर्तन, खिलौना का टुकड़ा या फिर ऐसा कोई चीज तो नहीं पड़ा है, जिसमें बारिश का पानी जमा हो।
- घर के परिसर में खुले में डस्टबीन रखा है तो उसे ढक कर रखे।
- घर के आस पास पानी ठहराव न होने दे।

**होगी अब कार्रवाई** - आयुक्त मोनिका वर्मा ने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घरों में टेमीफॉस दवा उपलब्ध कराए। साथ ही बीमारी से बचने के तरीके को बताए। अगर लापरवाही होती है तो महामारी एक्ट के तहत पहली बार 500 दूसरी बार 1000 तीसरी बार 2000 जुर्माना वसूल करे।

जन स्वास्थ्य विभाग इस पर करेगा फोकस

- बंद आवास में पानी तो नहीं बह रहा।
- गली मुहल्ले में पानी जमा तो नहीं हो रहा।
- ठेले व गुमटी संचालक दुकान के पीछे खुले में पानी स्टोर कर तो नहीं रहे है।
- टायर खुले या दुकानों में जमा कर रखा तो नहीं गया है।
- बाजार में कही सब्जी व फल के अवशेष तो खुले में नहीं फेका गया है।

**सूखी मछली की बिक्री पर नजर**- निगम के कर्मचारी खासकर रूआबांधा बाजार में सूखी मछली की बिक्री पर नजर रखेंगे। अगर समुद्री सूखी मछली बेचते मिलने पर मछली को जब्त किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने प्रशिक्षण में खुलासा किया है कि बारिश के समय समुद्री सूखी मछली में नमक की मात्रा होने की वजह से कीड़े लग जाते है। जो सेहत के लिए नुकसानदायक है।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2025-27

# छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक क्रांति



- स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष अनुदान
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज
- आधुनिक खेती से लेकर खिलौना उद्योग तक को बढ़ावा
- पर्यटन और होटल व्यवसाय को बढ़ावा
- वस्त्र क्षेत्र में निवेश पर अब 200% तक का प्रोत्साहन

Samwad : 44166/1



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क